# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–185 । सागर, बुधवार, 23 अगस्त 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए



जनकल्याण के लिए भाजपा को जिताना जरूरी : सिंह — पृष्ठ 3

▪ परसाई होते तो क्या लिख रहे होते?
▪ पहाड़ों की पुकार : ट से टिकाऊ, ज से ज़िम्मेदार — पृष्ठ 4

▪ पीटीआई, प्रभारी लिपिक 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार — पृष्ठ 6

मोबाईल खरीदने छात्र-छात्राओं को आर्थिक मदद भी देंगे: भूपेन्द्र सिंह — पृष्ठ 8


## सार-समाचार

### उप्र की खाली राज्यसभा सीट पर 15 को उपचुनाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने मंगलवार को वरिष्ठ भाजपा नेता हरद्वार दुबे के निधन के कारण खाली हुई सीट पर 15 सितंबर को उत्तर प्रदेश से राज्यसभा (राज्यसभा) के लिए उपचुनाव कराने की घोषणा की है।

नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 5 सितंबर है और नामांकन की जांच अगले दिन की जाएगी। नाम वापसी की आखिरी तारीख 8 सितंबर है। मतदान सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक होगा और वोटों की गिनती उसी दिन शाम 5 बजे की जाएगी।

### नूंह हिंसा का आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**गुरुग्राम, एजेंसी।** क्राइम ब्रांच ने एक मुठभेड़ के बाद हरियाणा के नूंह जिले में 31 जुलाई को हुई सांप्रदायिक हिंसा में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई थी।

पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक गुप्त सूचना के बाद, जिला अपराध शाखा की एक टीम ने मंगलवार को अरावली पर्वत श्रृंखला के बीहड़ों में मुठभेड़ के बाद नूंह के ढिडारा गांव निवासी आमिर को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से आरोपी घायल भी हो गया।

### टिहरी भूस्खलन के बाद मलबे से 5 शव निकाले

**टिहरी, एजेंसी।** टिहरी जनपद के चंबा थाने के पास सोमवार दोपहर 1 बजे पहाड़ी से हुए भारी भूस्खलन के मलबे में दबकर पांच लोगों की मौत हो गई। रात करीब एक बजे तक छह जेसीबी मशीनों की मदद से मलबा हटाने का कार्य किया गया। मलबे में दबी एक कार से मां, बेटा और एक महिला का शव बरामद किया गया। साथ ही मलबे से दो और लोगों के शवों को बरमद किया गया है।

### असम में 14 लाख से अधिक मूल्य के नकली नोट जब्त

**गुवाहाटी, एजेंसी।** स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) असम ने मंगलवार को गोलपारा जिले में एक अभियान के दौरान 14.50 लाख रुपए मूल्य के नकली नोट जब्त किए और इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि उप महानिरीक्षक (डीआईजी) एसटीएफ पार्थ सारथी महंत के निर्देशों के अनुसार, जिले के कृष्णाई इलाके में एक अभियान चलाया गया, जहां उन्होंने एक वाहन को रोका और 500 के मूल्यवर्ग में 14.50 रुपए नकद बरामद किए।

### गेगोंग अपांग ने नई क्षेत्रीय पार्टी बनाई

**ईटानगर, एजेंसी।** अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री गेगोंग अपांग ने 'अरुणाचल डेमोक्रेटिक पार्टी नाम से एक नई क्षेत्रीय पार्टी लॉन्च की है।

श्री अपांग ने बताया कि इस साल 15 मई को पार्टी द्वारा ईसीआई को एक आवेदन प्रस्तुत करने के बाद, भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) द्वारा नई राजनीतिक पार्टी बनाने की अनुमति दी गई थी। उन्होंने कहा, हमें भारत के चुनाव आयोग द्वारा एक नई राजनीतिक पार्टी लॉन्च करने का मौका दिया गया है। पार्टी के गठन का मुख्य एजेंडा राज्य के कल्याण के लिए काम करना है।

### नकली सोने से लिया 8 लाख का कर्ज

**इंदौर, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के इंदौर में ठगी का नए तरह का मामला सामने आया है। यहां एक व्यक्ति ने नकली सोने के जरिए आठ लाख का कर्ज हासिल कर लिया। यह खुलासा तब हुआ, जब सोने का परीक्षण कराया गया। मामले की शिकायत पुलिस थाने में दर्ज कर ली गई है।

आरोपी की तलाश की जारी है। मामला विजयनगर थाना क्षेत्र का है, यहां के साउथ इंडियन बैंक के अधिकारियों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि पिछले दिनों चंदन नगर थाना क्षेत्र का रहने वाला वसीम नाम का एक व्यक्ति सोना गिरवी रखकर लोन ले गया। कई दिनों बाद उसने कर्ज की किश्त की राशि खाते में जमा नहीं की। बैंक अधिकारियों को शक हुआ और उन्होंने ऑडिट किया तो सारा माजरा सामने आया।

---

आज शाम 6 बजकर 4 मिनट पर दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र पर उतरेगा

## चंद्रयान-3 चन्द्रमा पर उतरने के लिए तैयार



**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय चन्द्र मिशन चंद्रयान-3 बुधवार को चंद्रमा पर उतरने के लिए तैयार है। चंद्र मिशन, चन्द्रयान 3 सफलतापूर्वक अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है और चंद्रयान लैंडर मॉड्यूल (एलएम) 23 अगस्त की शाम छह बजकर 04 मिनट पर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र पर उतरेगा। अब तक, मिशन पूरी तरह से अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और सभी की निगाहें अब लैंडिंग पर हैं, जो सफल होने पर, भारत को उन देशों के विशिष्ट समूह में शामिल कर देगा जिनमें अमेरिका, रूस और चीन शामिल हैं। इसरो वैज्ञानिक आधी रात से ही चंद्रयान-3 मिशन पर नज़र रख रहे हैं।

गौरतलब है कि चंद्रयान-3 की लैंडिंग से कुछ ही घंटे पहले इसरो ने एक मील का पत्थर हासिल किया जब ऑर्बिटर ले जाने वाले चंद्रयान-2 ने कल चंद्रयान-3 के लैंडर मॉड्यूल (एलएम) का औपचारिक स्वागत किया। चंद्रयान-2 ऑर्बिटर चंद्रयान-3 लैंडर के साथ इसरो के लिए बैकअप संचार चैनल होगा। इसरो ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा चंद्रयान -3 मिशन- आपका स्वागत है दोस्त। सीएच-2 ऑर्बिटर ने औपचारिक रूप से सीएच-3 एलएम का स्वागत किया। इसरो ने 2019 में कहा था कि सटीक प्रक्षेपण और कक्षीय युद्धाभ्यास के कारण, चंद्रयान -2 ऑर्बिटर का मिशन जीवन सात साल तक बढ़ गया था। 22 जुलाई, 2019 को प्रक्षेपित किए गए चंद्रयान -2 मिशन में चंद्रमा के अज्ञात दक्षिणी ध्रुव का पता लगाने के लिए एक ऑर्बिटर, लैंडर और रोवर शामिल थे। चंद्रयान-2 को जुलाई 2019 में लॉन्च किया गया था और रोवर ले जा रहा लैंडर सितंबर 2019 में लैंडिंग साइट के बहुत करीब एक तकनीकी खराबी के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे मिशन 99.99 प्रतिशत सफल रहा। इसरो ने सोमवार को चंद्रयान-3 की लैंडिंग से पहले, लैंडर हैज़र्ड डिटेक्शन एंड अवॉइडेंस कैमरा (एलएचडीएसी) द्वारा ली गई चंद्र सुदूर क्षेत्र की तस्वीरें जारी कीं। इसरो ने कहा कि दूसरा डीबूस्टिंग और अंतिम ऑपरेशन रविवार सुबह 0200 बजे किया गया और एलएम निर्दिष्ट लैंडिंग स्थल पर सूर्योदय का इंतजार करेगा और 23 अगस्त को संचालित लैंडिंग शुरू होगी। इस युद्धाभ्यास के बाद, चंद्रयान -3 अंतरिक्ष यान अब लगभग 25 किमी गुणा 134 किमी पर स्थित था। इसरो ने कहा, मॉड्यूल को आंतरिक ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

---

दक्षिण अफ्रीका के उप राष्ट्रपति ने की अगवानी

## ब्रिक्स सम्मेलन में हिस्सा लेने जोहान्सबर्ग पहुंचे मोदी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए जोहान्सबर्ग पहुंचे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, दक्षिण अफ्रीका के उप राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री के आगमन पर उनका स्वागत किया।

जोहान्सबर्ग के लिए रवाना होने से पहले मोदी ने कहा, 'मैं दक्षिण अफ्रीका की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के निमंत्रण पर 22-24 अगस्त 2023 तक दक्षिण अफ़्रीका ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

---

सागर में कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने भाजपा पर साधा निशाना, बोले- चुनाव के समय याद आते हैं संत रविदास

## कांग्रेस सरकार बनने पर संत रविदास के नाम पर बनाएंगे विश्वविद्यालय





### जातीय जनगणना का भी किया वादा

**सागर, देशबन्धु।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मध्य प्रदेश के सागर में आयोजित जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर कई हमले बोले। उन्होंने कहा कि चुनाव आए हैं, इसलिए भाजपा को संत रविदास याद आए। बुंदेलखंड के प्रमुख जिले सागर के कजलीवन मैदान में पार्टी की जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार की नीतियों का जिक्र करते हुए एक-एक कर हमले बोले। सागर में बनाए जा रहे 100 करोड़ के संत रविदास मंदिर का जिक्र करते हुए खड़गे ने कहा कि चुनाव है, इसलिए भाजपा को संत रविदास याद आए हैं। प्रदेश में 20 साल से शिवराज सिंह मुख्यमंत्री ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### अब आपको 50 फीसदी वालों को हटाना है

खड़गे ने कहा कर्नाटक में तो 40 फीसदी कमीशन था। यहां कितना है? हमने तो 40 फीसदी को हटा दिया। कमलनाथ जी आपको 50 फीसदी वालों को हटाना है। ये हमारे लोगों को सता रहे, जेल भेज रहे। जब नवंबर में हमारी सरकार आएगी, तब उन्हें भी मुश्किल होगी। लेकिन, हम बदला लेने का नहीं सोचते। अच्छा करते आए हैं। बदलना लेने की नहीं, बदलाव लाने की जरूरत है। न हम डराने वाले हैं, न डरने वाले हैं।

### ये रहे उपस्थित

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर, संत रविदास तथा डॉ हरिसिंह गौर की चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम के दौरान जनसभा में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, कांतिलाल भूरिया, अरुण यादव, नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य कमलेश्वर पटेल सांसद राजमणि पटेल, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, राष्ट्रीय सचिव सीपी मित्तल, शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार पचौरी ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

शाह के आरोपों पर बोले खड़गे

### हम 53 साल का हिसाब देने को तैयार, आप 254 घोटालों का हिसाब दीजिए

**सागर, देशबन्धु।** कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे ने हाल ही में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा कांग्रेस पर लगाए गए आरोपों का भी जवाब दिया। भोपाल में दिन पहले शाह द्वारा भाजपा सरकार के 20 सालों का रिपोर्ट कार्ड जारी करने के दौरान कांग्रेस से मांगे गए हिसाब पर खड़गे ने कहा कि हमसे 53 साल का हिसाब मांगा है, बहुत से आंकड़े दिए। ये खेती नहीं करते लेकिन आंकड़ों की खेती जानते हैं। हमें नसीहत देते हैं। अमित शाहजी को मैं कहना चाहूंगा कि हम 53 साल का पूरा हिसाब देने को तैयार हैं। लेकिन पहले आप उन 254 घोटालों का हिसाब दे दीजिए। श्री खड़गे ने कांग्रेस कांग्रेस शासनकाल में किए गए कामों को भी निनाया। उन्होंने ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### चुनाव के 5 माह पहले आई बहनों और कर्मचारियों की याद : कमलनाथ

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को 18 वर्षों बाद बेरोजगारों की, लाडली बहनों की, कर्मचारियों की और किसानों की याद आई है। चुनाव के 5 महीने पहले उन्हें याद आया कि मुझे जनता के लिए कुछ करना है, परंतु जनता अब समझदार है, वह भलीभांति समझ रही है। कमलनाथ ने कहा कि मैं तो आप सबको पुन: कहना चाहता हूं कि पहचान लीजिए कि हमारे प्रदेश की आज क्या स्थिति है, चुनाव आते-जाते हैं परंतु यह चुनाव किसी पार्टी या उम्मीदवार के लिए नहीं मध्य प्रदेश की जनता और उसके भविष्य का चुनाव है। शिवराज जी रोज बड़ी-बड़ी घोषणाएं करके अपने 18 वर्षों के पाप धो रहे हैं, इसीलिए मुझे मध्य प्रदेश की देव तुल्य जनता पर इतना भरोसा है कि जितना भी गुमराह करने का प्रयास किया जाए। जनता गुमराह होने वाली नहीं है। प्रदेश ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

---

शिवराज मंत्रिमंडल ने लिए महत्वपूर्ण निर्णय

## पेंशनरों, पुलिस कर्मियों और जनप्रतिनिधियों का भत्ता बढ़ाया



**भोपाल, देशबन्धु।** राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में पेंशनर्स की महंगाई राहत में 4 प्रतिशत की वृद्धि ,पुलिसकर्मियों के भत्तों में वृद्धि और जनप्रतिनिधियों के मानदेय में 3 गुना वृद्धि के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में इनके साथ ही 10 बड़े प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। सरकार के संबंधित विभागों द्वारा जल्द ही इस संबंध में आदेश जारी किए जाएंगे, जिसके बाद सितंबर से सभी को बढ़ाई गई राशि का लाभ मिलने लगेगा।

राज्य मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने बताया कि मौजूदा समय में डीआर 38 प्रतिशत है, जबकि जो पेंशनर सातवें वेतनमान वाले हैं उनको 42 प्रतिशत और जो छठवें वेतनमान वाले हैं उनको 221 प्रतिशत की बढ़ोतरी करते हुए ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### नक्सली पुनर्वास राहत नीति में बदलाव को दी मंजूरी

मंत्रिमंडल की बैठक में नक्सली आत्मसमर्पण पुनर्वास राहत नीति 2023 में बदलाव के प्रस्ताव को स्वीकृति मिली है। इसके तहत आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली को अचल संपत्ति खरीदने 20 लाख, व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए डेढ़ लाख, मकान बनाने के लिए डेढ़ लाख सहित अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। जबकि नक्सल हिंसा के मृतकों के परिजनों को सरकारी नौकरी देने के साथ ही 15 लाख रुपए की सहायता राशि उपलब्ध करवाई जाएगी। जबकि सुरक्षाकर्मियों के परिजनों को 20 लाख रुपए मिलेंगे, शारीरिक अक्षमता पर 4 लाख रुपए दिए जाएंगे।

आत्मसमर्पणकर्ता को गृह निर्माण के लिए डेढ़ लाख, हथियार के लिए अनुग्रह राशि 10 हजार से लेकर साढ़े 4 लाख तक, विवाह के लिए 50 हजार, तात्कालिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए 5 लाख या घोषित पुरस्कार राशि, में से जो अधिक हो, व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए डेढ़ लाख और आयुष्मान भारत व खाद्यान्न ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

---

## लेह में सेना के पूर्व अधिकारियों से मिले राहुल



**लद्दाख, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी इन दिनों लद्दाख के दौरे पर हैं। सोमवार रात को उन्होंने लेह मार्केट में सेना के पूर्व अधिकारियों से मुलाकात की। राहुल ने उनके साथ तिरंगा फहराया और भारत माता की जय के नारे भी लगाए। इस दौरान मार्केट में लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। राहुल ने मार्केट में खरीदारी भी की। कुछ देर बाद वे सब्जी की दुकान पर पहुंचे और वहां से सब्जियां लीं। । कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक ट्वीट में कहा, कुछ दिन पहले राहुल गांधी ने कहा था कि 'भारत माता' हर भारतीय की आवाज है। लेह में भी कुछ ऐसी ही गूंज है।

राहुल के लेह मार्केट पहुंचते ही युवाओं की भीड़ ने उन्हें घेर लिया। भीड़ से एक बच्चा उनका ऑटोग्राफ लेने के लिए सुरक्षा घेरा पार कर पहुंच गया। उन्होंने बच्चे को ऑटो ग्राफ दिया और साथ में फोटो खिंचवाई। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कन्या कुमारी से कश्मीर तक की अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' को याद करते हुए कहा है कि लोगों पर इसका जबरदस्त असर हुआ है और यही कहानी लेह की सड़कों पर भी गूंज रही है। उन्होंने कहा कि लेह के लोगों पर भी 'भारत जोड़ो यात्रा' का जबरदस्त असर देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा 'भारत जोड़ो' हर भारतीय के दिल और दिमाग में गहराई से बसा हुआ है। लेह की सड़कों पर गूंजता 'भारत माता की जय' का घोष इस एकता का एक मजबूत उदाहरण है। स्नेह और सौहार्द से भरी इस आवाज को कोई ताकत दबा नहीं सकती।

---

कैग रिपोर्ट में हुआ खुलासा

## रेडिको खेतान ने उप्र सरकार को लगाया 1,078 करोड़ का चूना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कैग (सीएजी) की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि रेडिको खेतान लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश सरकार को 1078.09 करोड़ की एक्साइज ड्यूटी सहित टैक्स का भुगतान कम किया है। रेडिको खेतान लिमिटेड कंपनी 8 पीएम व्हिस्की और मैजिक मोमेंट्स वोदका बनाती है।

कैग रिपोर्ट के अनुसार, 'रेडिको खेतान लिमिटेड, रामपुर के सहायक आबकारी आयुक्त आबकारी रिकॉर्ड में दिखाई गई इनपुट एक्साइज सामग्री के उपभोग की निगरानी करने में विफल रहे। इससे इनपुट एक्साइज सामग्री के कंजंप्शन में अंडरस्टेटमेंट का पता नहीं चल पाया, जिसमें 2013-14 से 2019-20 की अवधि के दौरान 1,078.09 करोड़ रुपए (482.34 करोड़ रुपए के ब्याज सहित) का एक्साइज राजस्व शामिल है।' शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाले मोलासेस, अनाज और जौ माल्ट से संबंधित मटेरियल्स की जांच ऑडिटर द्वारा की गई। इसने मोलासेस, अनाज और जौ के माल्ट के कंजंप्शन (उपभोग) के आंकड़ों की तुलना करदाता द्वारा आयकर विभाग को दिए गए वैधानिक रिटर्न और सहायक आबकारी आयुक्त (एईसी), रेडिको खेतान लिमिटेड, रामपुर के रिकॉर्ड में मौजूद मात्राओं के साथ की थी। इसमें सामने आया कि आयकर विभाग को दिए गए रिकॉर्ड और राज्य आबकारी विभाग में उपलब्ध रिकॉर्ड में फर्क था। कैग की रिपोर्ट में कहा गया है कि उपभोग की गई सामग्री में पाई गई भिन्नताएं दर्शाती हैं कि टैक्स निर्धारिती ने उत्पाद शुल्क रिकॉर्ड में इनपुट वस्तुओं की खपत कम बताई थी।




## सार-समाचार

### जन सुनवाई में 92 आवेदनों पर हुई कार्यवाही



**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर शैलेंद्र सिंह एवं विनय द्विवेदी ने आम लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्परता से निराकरण के निर्देश दिए। जिले के 92 आवेदकों के प्रकरणों में सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई।

### श्रीमद् भागवत् कथा के समापन कार्यक्रम में महापौर शामिल हुई



**सागर, देशबन्धु।** आत्मानंद सरस्वती महामंडलेश्वर राधा सरस्वती आश्रम नीलगिरी पीठाधीश्वर द्वारा 14 से 22 अगस्त तक श्रीमद् भागवत कथा एवं ज्ञानयज्ञ का समापन कच्छ कड़वा पाटीदार समाज की समाज वाडी में संपन्न हुआ। समापन अवसर पर महापौर संगीता तिवारी एवं महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी शामिल होकर धर्मलाभ लिया। इस अवसर पर महापौर ने संत मौनी महाराज और आत्मानंद जी की सादर चरण वंदना करते हुए स्वामी जी के विराट व्यक्तित्व की प्रशंसा करते हुए उनकी कही बातों का सभी से अनुशरण करने की अपील की।

### 29 जनसेवा मित्रों को मिले नियुक्त पत्र



**रहली, देशबन्धु।** सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वा शासन की योजनाओं को जन जन तक पहुंचने के लिए मप्र सरकार द्वारा जनसेवा मित्रों नियुक्त किए है जो गांव गांव जाकर नागरिकों और सरकार के बीच की कड़ी का काम करेंगे रहली ब्लाक में मंगलवार को बैच 1 और बैच 2 के जनसेवा मित्रो की संयुक्त बैठक जिला रिसर्च एसोसिएट आशय जैन के निर्देशन पर संयुक्त बैठक रहली अनुविभागीय अधिकारी गोविंद प्रसाद दुबे के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र बैच.2 में चयनित सभी इंटर्न्स को एसडीएम रहली के द्वारा नियुक्ति पत्र एवं पहचान पत्र प्रदान किए गए। उन्होंने सभी जनसेवा मित्रों को मार्गदर्शित करते हुए बेहतर तरीके से काम करने के लिए प्रेरित किया एवं सुझाव भी दिए। जन सेवा मित्रो को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए साथ में इनके निर्धारित क्षेत्र की सूची भी दी गई।

### कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष की सभा में रहली से शामिल हुए हजारों लोग



**रहली, देशबन्धु।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के सागर आगमन पर रहली ब्लाक वा विधानसभा से बड़ी संख्या में लोग सागर पहुंचे, रहली से सौरभ हजारी, ज्योति पटेल के नेतृत्व में सैकड़ों वाहनों से लोग आम सभा में शामिल हुए। कांग्रेस नेताओ ने राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खड़गे से मुलाकात कर आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अल्प चर्चा भी की। आम सभा को लेकर लोगो में काफी उत्साह देखने को मिला। सभा के दौरान लोगो ने अपने प्रत्याशी के नारे लगाए। पूर्व नपाध्यक्ष सौरभ हजारी ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का आना प्रत्येक कार्यकर्ता में जान फूकने लायक था आगामी विधानसभा में कांग्रेस पार्टी पूर्ण बहुमत में आएगी।

### भारतीय जीवन बीमा निगम के अधिकारियों ने किया वृक्षारोपण



**बीना, देशबन्धु।** वृक्षारोपण की सतत श्रृंखला में मंगलवार को सरदार पटेल छात्रावास में भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा बीना द्वारा वृहद वृक्षारोपण किया जिसमें अशोक और कदम के पौधे लगाए गए। बीना शाखा के अध्यक्ष क्लब शतकवीर अग्रणी अभिकर्ता पूरन सिंह कुर्मी उर्फ मामा के प्रयासों से कार्यक्रम हुआ जिसमें पटेल समाज के अग्रणीय और कृषक भी शामिल हुए जिसकी अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ शाखा प्रबंधक हरिनारायण कोष्टा ने वृक्षारोपण को ईश्वर की बन्दगी बताया और हमारी जीवन दायनी सांसे बताया। कार्यक्रम में साई ट्रैक्टर के संचालक सचान, मुरलीधर सरपंच, अजय पटेल, प्रकाश पटेल, बीएम विजय मीना और विकास अधिकारी संजय यादव आदि उपस्थित रहे।

# मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बरोदियाकलां में इंडियन बैंक की नवीन शाखा का शुभारंभ किया



## नगर परिषद बरोदियाकलां ने दस करोड़ से पहला खाता खोला

**मालथौन, देशबन्धु।** मंत्री भूपेंद्र सिंह ने नगरपरिषद बरोदियाकलां क्षेत्र अंतर्गत इंडियन बैंक की नवीन शाखा का फीता काटकर शुभारंभ किया। नगर परिषद बरोदियाकलां ने दस करोड़ रुपए से अपना पहला खाता खोल कर बैंक के कामकाज की शुरुआत की। कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री सिंह ने स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि लंबे समय से बरोदिया में बैंक की मांग थी। अभी लोगों को बैंक संबंधी काम करने के लिए 12 से 20 किमी दूर स्थित बांदरी या मालथौन जाना पड़ता था। अब यहां बैंक खुलने से यहां के रहवासियों को सुविधा होगी। नगर परिषद क्षेत्र तथा आसपास के ग्रामीण जनों से आग्रह किया कि अब सभी लोग इस बैंक में अपने खाते खुलवाएं ताकि बैंक का टर्नओवर बढ़े ताकि सुचारू रूप से बैंक अपनी सेवाएं जारी रख सके। अब सारी केंद्रीय व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ इस बैंक शाखा से उपलब्ध हो सकेगा।

## परेशान मजदूर लगा रहे थाने के चक्कर



**बीना, देशबन्धु।** बीना विधानसभा के वीरमखेड़ी, बम्होरी खडेरा, मगरधा सहित अन्य गांव में नलजल योजना के तहत करीब डेढ़ माह तक नल फीटिंग, पाइप लाइन डालने का कार्य कराने के बाद 10 मजदूरों को ठेकेदार द्वारा रुपए नहीं दिए जा रहे हैं। मजदूर रुपए दिलाए जाने की मांग को लेकर बीना और खिमलासा थाने पहुंचे। नल जल योजना के तहत काम करने के बाद भी दस मजदूरों को मजदूरी नहीं मिलने के बाद सभी मजदूर खिमलासा और बीना थाने ठेकेदार की शिकायत लेकर पहुंचे। शिकायत में उल्लेख किया गया है कि पाइप लाइन की नाप होने पर ठेकेदार ने भुगतान करने की बात की थी और नाप के बाद 92 हजार रुपए मजदूरी बनी थी, जो ठेकेदार नहीं दे रहा है। ठेकेदार को जब फोन लगाया जाता है, तो वह फोन नहीं उठाता है। मजदूरों ने जल्द से जल्द मजदूरी की राशि दिलाने की मांग की है। शिकायत करने वाले राहुल लोधी, प्रभू, नीरज, गोलू, राजू ने बताया कि डेढ़ माह तक लगातार नल फीटिंग, पाइप लाइन डालने का कार्य किया है। रुपए मांगने पर ठेकेदार हर बार टाल देता और अब तो फोन भी नहीं उठाता है। इस संबंध में पहले खिमलासा थाने पहुंचे जहां कोई कार्रवाई नहीं हुई तो बीना थाने पहुंचे लेकिन यहां भी बीना थाने का मामला न होने का हवाला देकर वापस लौटा दिया गया। अब फिर से खिमलासा थाने जाकर शिकायत करेंगे।

## शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कृत्य करने वाले आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

**सागर, देशबन्धु।** शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ दुष्कृत्य करने वाले आरोपी रूप सिंह लोधी को अपर सत्र न्यायाधीश बंडा जिला सागर आरपी मिश्र की न्यायालय ने दोषी करार देते हुये 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं दो हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया है। प्रभारी उपसंचालक अभियोजन धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में सहा. जिला अभियोजन अधिकारी ताहिर खान ने की। घटना इस प्रकार है कि फरियादी पीड़िता के पिता ने थाना बरायठा में इस आशय की रिपोर्ट लेख कराई कि 4 जुलाई 2019 की रात करीब 8.30 से 9 बजे के बीच पीड़िता घर से गल्ले पर गयी थी, उसके बाद पीड़िता का कोई पता नहीं चला। पीड़िता को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर कहीं भगा कर ले गया। 16 दिसम्बर 2019 को पीड़िता के दस्याव होने पर उसके द्वारा अभियुक्त रूपसिंह लोधी द्वारा शादी का झांसा देकर, बहला फुसलाकर भगाकर दिल्ली ले जाने व उसके साथ बलात्संग कराना बताया गया। उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाना बरायठा द्वारा प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया, विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया।

### आंगनबाड़ी केन्द्रो पर भोजन, नाश्ता का वितरण तय समय पर करे

## महिला बाल विकास विभाग प्रशासन के लिए महत्वपूर्ण: कलेक्टर



**सागर, देशबन्धु।** जिले की समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर वितरित होने वाला भोजन एवं नाश्ता का वितरण तय समय पर ही किया जाए और इसकी लगातार मॉनिटरिंग की जाये। महिला बाल विकास विभाग शासन प्रशासन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण विभाग है। उक्त निर्देश कलेक्टर दीपक आर्य ने महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए दिए। इस अवसर पर महिला बाल विकास अधिकारी बृजेश त्रिपाठी सहित विभाग के समस्त सीडीपीओ, सुपरवाइजर एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर अध्यनरत बच्चों के लिए वितरित होने वाला नाश्ता एवं खाना गुणवत्तापूर्ण एवं तय समय पर वितरित किया जाए और इसकी लगातार मानिटरिंग की जाये। महिला बाल विकास विभाग से संबंधित समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, सुपरवाइजर, सीडीपीओ लगातार शासन की योजनाओं को क्रियान्वित कराने के लिए कार्य करती हैं। आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के शारीरिक विकास की पहली कक्षा होती है। जिसमें उनका संपूर्ण विकास होता है। लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत जिन लाड़ली बहनों की ई.केवाईसी शेष है, उनकी तत्काल ई.केवाईसी कराएं।

### सत्संग तो जीवन की धारा बदल देता है: लालाराम मेठवानी

**सागर, देशबन्धु।** सिंधी कॉलोनी में चल रहे वरुण अवतार भगवान् झूलेलाल चालिहा मात्र तीन दिन का है, इस समय सिंधी कॉलोनी वासी आस्था में डूबे हुए है महिलाओ व युवतियों के लिए सिंधी प्रश्न पर पुरस्कार मंडली के संस्थापक लालाराम मेठवानी, अध्यक्ष दयाराम बहरानी आदि ने दिया। मंगलवार को लालाराम मेठवानी ने कहा कि संतों का सत्संग करने के दौरान यह नहीं सोचना चाहिए कि हमें कोई बीमारी नहीं आएगी, हमारा परिवार खुशहाल रहेगा या फिर हमारा व्यापार अच्छा चल जाएगा। यह तो प्रारब्ध होता है जो इस दुनिया में आया है उसे एक दिन जाना ही है। जब लाभ होता है तो हानि भी निश्चित होती है। सत्संग तो जीवन की धारा बदल देता है, जिसमें आप ज्ञान और भक्ति की धारा में बहने लगते हैं।

## श्रद्धालुओं ने की पूजन अभिषेक



**सागर, देशबन्धु।** पशुपतिनाथ मंदिर में प्रारंभ हुए पार्थिव शिवलिंग निर्माण और पूजन अभिषेक कार्यक्रम के द्वितीय दिवस बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर रुद्रीनिर्माण एवं पूजन अभिषेक किया। पं. शिवप्रसाद तिवारी ने बताया कि कल मंगलवार को भी निर्धारित समय से पहले ही श्रद्धालु मंदिर परिसर में एकत्रित हो चुके थे 8 बजे से रूद्री निर्माण हुआ और 11 बजे से पहले ही सारे कोपर भर गए, 11.30 बजे से 1 बजे तक पूजन अभिषेक किया गया। शिवलिंग निर्माण और पूजन अभिषेक में के सी व्यास, राघवेंद्र सिंह राजपूत, सुजीत सिंह ठाकुर, आभा नायक, मनीषा गांधी, सीमा तिवारी, गुड्डी शर्मा, पिंकी गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## भाजपा नगर मंडल के बूथ शक्ति केंद्र की बैठक संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** भाजपा नगर मंडल की शक्ति केंद्र की बैठक जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि उत्तरप्रदेश से पधारे प्रवासी विधायक बंबालाल दिवाकर उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता विधायक शैलेंद्र जैन ने की। बैठक में मुख्य रूप से आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई, बंबालाल दिवाकर ने बैठक को संबोधित करते हुए सभी कार्यकर्ताओं से आगामी चुनाव के लिए तैयार रहने की बात कही ओर पूर्ण समर्पण के साथ अपना विजयी इतिहास दोहराने का आग्रह किया। शैलेंद्र जैन ने कहा कि सागर विधानसभा क्षेत्र में पिछले 30 वर्षों से भाजपा अपना परचम लहरा रही है इसका श्रेय आप सभी देव दुर्लभ कार्यकर्ताओं को जाता है और आगामी चुनाव में भी हम इसी श्रृंखला को जारी रखते हुए भाजपा को सागर में विजय श्री दिलाने में महती भूमिका अदा करें बैठक को निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने भी संबोधित किया। संचालन नगर मंडल अध्यक्ष विक्रम सोनी ने किया। बैठक में श्याम तिवारी, जगन्नाथ गुरैया, रामकुमार साहू, प्रतिभा चौबे, अर्पित पांडे, प्रासुक जैन उपस्थित थे।

## जैन मिलन के सदस्यों ने तीर्थ यात्रा एवं गुरु वंदना की



**मकरोनिया, देशबन्धु।** सुरेश जैन अध्यक्ष जैन मिलन मकरोनिया के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल तीन दिवसीय तीर्थ यात्रा एवं आचार्य श्री निर्भय सागर एवं विशुद्ध सागर के दर्शनार्थ हेतु नोएडा बड़ागांव बड़ोत के लिए पहुंचा जहां पर नोएडा में आचार्य श्री निर्भय सागर द्वारा प्रदत्त जैनेश्वर दीक्षाएं का पुण्य लाभ लिया इसके पश्चात बड़ागांव त्रिलोक तीर्थ मैं श्री जी का अभिषेक शांति धारा एवं पूजन विधान किया एवं बड़ोत में विराजमान आचार्य विशुद्ध सागर के दर्शन प्राप्त कर आशीर्वाद प्राप्त किया तीर्थ यात्रा एवं भ्रमण कार्यक्रम में महेश जैन, सुरेश जैन, कमलेश चौधरी, प्रकाश जैन, संतोष जैन, संपत्त जैन, प्रेमचंद पटवारी, हेमचंद जैन के साथ-साथ बड़ी संख्या में वीर एवं वीरांगनाएं मौजूद थे।

## नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले दो आरोपियों को 20-20 साल की सजा

**बीना, देशबन्धु।** भानगढ़ थाना अंतर्गत करीब दो साल पहले 17 वर्षीय नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में कोर्ट ने दो आरोपियों को 20-20 साल की कारावास और 5-5 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया है। विशेष लोक अभियोजक श्याम सुंदर गुप्ता ने बताया कि भानगढ़ थानांतर्गत आने वाले एक गांव में अक्टूबर 2021 की रात करीब 9 बजे की घटना है। जहां गांव की एक नाबालिग लड़की खुले में शौच के लिए गई थी। इसी दौरान दूसरे गांव के दो लड़के बाइक से उसके पास पहुंचे और इनमें से एक शादी का झांसा देकर पिपराई जिला अशोकनगर लेकर गए। इनमें से एक आरोपी लड़की को लेकर अपनी मौसी के पास पहुंचा, लेकिन उन्होंने घर में आने से मना कर दिया। इसके बाद दोनों आरोपी पिपरियाखेड़ा में मंदिर के पास खाली पड़ी जमीन पर ले गए। इस दौरान एक आरोपी ने धमकी देकर लड़की के साथ दुष्कर्म किया और उसे वहीं छोड़कर भाग गए। इसी दौरान तत्कालीन भानगढ़ थाना प्रभारी लखन डाबर टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने लड़की को बरामद कर उसके बयानों के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत माला दर्ज कर अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया। मामले की सुनवाई के दौरान पीड़िता ने न्यायालय के समक्ष दिए कथन में कहा कि दोनों आरोपियों ने उसके साथ-साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। पीड़िता के बयान और अभियोजक द्वारा प्रस्तुत किए गए सबूतों के आधार पर विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट निर्मल मंडोरिया ने दोनों आरोपियों को 20-20 साल के सश्रम कारावास और पांच-पांच हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

## छात्रों को नि:शुल्क कोचिंग से मिलेगी अतिरिक्त शिक्षा, रिजल्ट होगा और बेहतर: सरोज सिंह



**खुरई, देशबन्धु।** भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष सरोज सिंह ने बांदरी के शासकीय महाविद्यालय में नि:शुल्क कोचिंग का शुभारंभ किया। इसके अलावा उन्होंने बांदरी की माध्यमिक शाला भवन के उन्नयन कार्य एवं प्राथमिक शाला नेतना के भवन उन्नयन कार्य का भूमिपूजन किया। नि:शुल्क कोचिंग के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरोज सिंह ने कहा कि मंत्री भूपेन्द्र सिंह खुरई विस को शिक्षा के क्षेत्र में नंबर वन पर लाना चाहते हैं। खुरई विस को शिक्षा का बड़ा केंद्र बनाया जाए और विश्वविद्यालय, मेडीकल कालेज व इंजीनियरिंग कालेज जैसी संस्थान खुरई विस में शीघ्र खोले जाएं। जीवन में अच्छी शिक्षा बहुत जरूरी है, आने वाले समय में शिक्षा के बिना विकास की कल्पना करना संभव नहीं है। इन उच्च शिक्षा के संस्थानों की स्थापना का लक्ष्य जल्दी ही पूरा कर लिया जाएगा। आपको शिक्षा की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। आप सभी को बस अपना लक्ष्य तय करना है और परिश्रम से पीछे नहीं हटना है।

## महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता का आयोजन हुआ



**मालथौन, देशबन्धु।** शासकीय महाविद्यालय मालथौन में मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें हेमन्ती अहिरवार प्रथम, पूर्वी दुबे द्वितीय तथा सीता साहू को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। शत प्रतिशत मतदान हमारी जिम्मेदारी, विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सेवक अहिरवार प्रथम, सीता साहू द्वितीय व ललिता राय को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। आदर्श मतदाता केन्द्र विषय पर चित्र कला का आयोजन किया गया जिसमें मुस्कान सिसोदिया प्रथम, निशा रैकवार द्वितीय तथा शोनाली रैकवार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ सभी प्रतियोगिताओं का सफल संचालन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. योगेन्द्र सिंह ठाकुर के निर्देशन में आयोजन समिति डॉ.नीतू वर्मा, डॉ. नीलम सिंह तथा दिनेश कुमार अहिरवार के द्वारा किया गया।

## व्यायाम शाला को मिलेगी आधुनिक जिम सामग्री, विधायक ने दी स्वीकृति



**सागर, देशबन्धु।** विधायक शैलेंद्र जैन से सूबेदार वार्ड महर्षि वाल्मिकी व्यायाम शाला के पहलवानों ने निवास पर पहुंचकर मुलाकात कर व्यायाम शाला हेतु आधुनिक जिम सामग्री उपलब्ध कराने की मांग की। उल्लेखनीय है कि विधायक शैलेंद्र जैन के प्रयासों से ही इस व्यायाम शाला का निर्माण किया गया है, पहलवानों द्वारा उसके लिए उनका धन्यवाद व्यक्त किया गया, विधायक श्री जैन ने पहलवानों को अविलंब जिम सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मांग पत्र देने वालों में मुख्य रूप से अमरदीप वाल्मीकि, कृष्णकुमार पटेल, नितिन सोनी, जुगल प्रजापति सहित बड़ी संख्या में पहलवान साथी उपस्थित थे।

## हजारों मोटरसाइकिल के साथ तिरंगा लेकर क्षेत्र में निकले प्रहलाद



**रहली, देशबन्धु।** दमोह लोकसभा सांसद वा केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा लोकसभा क्षेत्र में तिरंगा यात्रा निकाली गई जो की देवरी विधानसभा से प्रारंभ होकर रहली वा दमोह पहुंची। रास्ते में जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया गया पुष्प वर्षा की गई। रहली नगर में अस्पताल तिराहा, अटलसेतु से यात्रा ने प्रवेश किया जो चांदपुर चौराहा होते हुए गांधी प्रतिमा से कालेज रोड होते हुए बलेह ग्राम की ओर रवाना हुई जहां से गढाकोटा और दमोह पहुंची। तिरंगा यात्रा में मोटर साइकिलों पर सवार हजारों युवा हाथो में तिरंगा झंडा लेकर निकले। इस दौरान जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया, भुजबल पटेल, सुशील जैन, सुरेश घोषी, राहुल सिंह, मिंटू चौरा, मानवेंद्र सिंह, विक्की भरद्वाज, बृजेंद्र लोधी, अनिल पटेल, अतुल चौबे सहित नगर के सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## 2 डेयरी के 24 पशुओं को शहर से बाहर शिफ्ट किया



**सागर, देशबन्धु।** निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त राजेश सिंह की उपस्थिति में हुई कार्रवाई के तहत शास्त्री वार्ड की 2 डेयरियों के 24 पशुओं को शहर से बाहर शिफ्ट किया गया। शास्त्री वार्ड में लोकमन ठाकुर के 10 पशु एवं सुनील यादव के 14 पशु विस्थापन स्थल रतौना नगर निगम के वाहन द्वारा शिफ्ट किए गए। डेयरी विस्थापन दल के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने शेष रह गई डेयरियों के विस्थापन हेतु पशुपालकों से चर्चा कर पशुओं को शहर से बाहर शिफ्ट करने हेतु हिदायत दी। कार्रवाई के दौरान दल प्रभारी शिवनारायण रैकवार, राजू रैकवार, उमेश चौरसिया सहित सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता का आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत रंगोली एवं स्लोगन की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के दस महाविद्यालय के रंगोली में 22 एवं स्लोगन में 23 प्रतिभागियां ने सहभागिता की। इस गरिमामयी प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी ने किया। उन्होंने कहा कि बड़े सौभाग्य की बात की हमारे महाविद्यालय को लोकतंत्र के इस महापर्व हेतु मतदाता जागरूकता जिला स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन स्थल हेतु चुना गया। मतदाता जागरूकता प्रभारी डॉ. अंशु सोनी ने सभी प्रतिभागियों को रंगोली जिसका विषय ईव्हीएम, व्हीव्हीपैट सहित दिव्यांग मतदाताओं के संबंध में मतदाता जागरूकता संबंधी एवं मतदान केन्द्र की व्यवस्थाओं एवं मतदान जागरूकता संबंधी स्लोगन प्रतियोगिता के संबंध में जानकारी देते हुए विषय पर केन्द्रित रहने हेतु प्रेरित किया। रंगोली प्रतियोगिता की संयोजक डॉ. सरिता जैन ने प्रतियोगिता का कुशल संचालन किया। सभी प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक सुन्दर रंगोली के माध्यम से मतदान हेतु जागरूक किया। रंगोली प्रतियोगिता का निर्णय डॉ. रंजनी दुबे, डॉ. अनुभा शर्मा एवं स्वाति हल्वे ने किया। इसी समयावधि में आयोजित स्लोगन प्रतियोगिता की संयोजक डॉ. अंजना चतुर्वेदी ने प्रतियोगिता का कुशल संचालन किया। जिसमें सभी प्रतिभागियों ने मतदाताओं के लिए प्रेरक स्लोगन लिखे। स्लोगन प्रतियोगिता का निर्णय डॉ. सुनीता त्रिपाठी, डॉ. शक्ति जैन एवं डॉ. संजय खरे ने किया। प्रतियोगिता के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी ने अवलोकन कर प्रतिभागियां द्वारा बनायी गयी रंगोली एवं स्लोगन की भूरी-भूरी प्रशंसा की एवं समाज में मतदाता जागरूकता एम्बेसडर की भूमिका निभाने का आवाहन किया। चयनित प्रतिभागियों को जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आयोजित समारोह में सम्मानित किया जावेगा।

## सार समाचार

### देश की राजधानी में सम्मानित हुई महाराजपुर की अस्मिता



**महाराजपुर, देशबन्धु।** नगर की बेटी कुं.अस्मिता चौरसिया को गत देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया गया, जो कि नगर सहित संपूर्ण जिले को गौरवान्वित करने वाली बात है। उल्लेखनीय है कि युवा शक्ति संगठन छतरपुर की नगर नारी शक्ति प्रमुख एवं राष्टीय सेवा योजना की स्वयंसेविका अस्मिता चौरसिया समाज सेवा के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट कार्य कर रहीं हैं जिसके लिए उन्हें कन्यादान फाउंडेशन द्वारा दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने नेशनल यूथ बिलियंस अवार्ड से सम्मानित किया। अस्मिता की इस उपलब्धि पर उनके रिश्तेदारों, ईष्ट मित्रों, साथी कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### पोलिंग बूथ और आंगनवाड़ी का किया निरीक्षण

बडामलेहरा । क्षेत्र की ग्राम पंचायत बौंकना में मंगलवार को बड़ामलहरा एसडीएम प्रशांत अग्रवाल ने पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। एसडीएम प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला का निरीक्षण करने के बाद आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण करने भी पहुंचे। निरीक्षण के दौरान माध्यमिक शाला के पोलिंग बूथ पर जो कमियां मिलीं उसे पूरा कराने के निर्देश उन्होंने सरपंच प्रतिनिधि हीरा पाल को बुलाकर दिए। वहीं आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करते हुए उन्होंने सहायिकाओं और कार्यकर्ता को भी आवश्यक निर्देश दिए। एसडीएम प्रशांत अग्रवाल ने बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को बांटे जाने वाले खिचड़ी के पैकेट के संबंध में जानकारी ली। इस मौके पर बीएलओ माखन सिंह, सरपंच प्रतिनिधि हीरा पाल, सुजान सिंह मौजूद रहे।



### तम्बू तान कर बैठे सहकारिता कर्मचारी



**छतरपुर, देशबन्धु।** अपनी विभिन्न मांगों के निराकरण की मांग को लेकर म.प्र. संयुक्त सहकारी समिति (पेक्स) कर्मचारी महासंघ के बैनर तले सहकारिता कर्मचारियों की कलमबंद हड़ताल जारी है। सहकारिता कर्मचारी शहर के चौबे तिराहा पर पंडाल लगाकर हड़ताल पर डटे हुए हैं। मंगलवार को प्रदर्शनकारियों ने सुंदरकांड का पाठ कर भगवान से सरकार को सद्बुद्धि देने की कामना की। महासंघ के जिलाध्यक्ष रामकुमार अवस्थी ने बताया कि यह प्रदेश व्यापी हड़ताल सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में की जा रही है। उन्होंने बताया कि 3 वर्ष पूर्व जब कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर आंदोलन किया तथा तब सरकार ने कर्मचारियों की मांगों का निराकरण करने का भरोसा दिया था लेकिन आज तक उनकी एक भी समस्या का निराकरण नहीं किया गया है, जो कि प्रदेश के 55 हजार कर्मचारियों के साथ धोखा है। कर्मचारियों का कहना है जब तक सरकार उनकी सभी मांगों को पूरा नहीं करती तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि सहकारिता कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से ऋण वितरण, वसूली, खाद-बीज वितरण, फसल बीमा एवं उचित मूल्य की दुकानें, खाद्यान्न वितरण आदि कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

महाराजपुर विधानसभा प्रभारी ने ली नौगांव मंडल की बैठक

# जनकल्याण के लिए भाजपा को जिताना जरूरी : सिंह




**नौगांव, देशबन्धु।** शहर के नगर पालिका परिसर में स्थित कम्यूनिटी हॉल में मंगलवार की दोपहर भाजपा मंडल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के कुंडला विधायक प्रेमपाल सिंह धंगर ने राष्टोत्थान एवं जनकल्याण के लिए भाजपा को जिताना जरूरी है इसलिए पार्टी को जिताने के लिए कार्यकर्ताओं को मूलमंत्र दिया है।

महाराजपुर विधानसभा में आए उत्तर प्रदेश कुंडाला के विधायक प्रेम पाल सिंह धंगर ने प्रवास के तीसरे दिन मंगलवार को कम्यूनिटी हॉल में नौगांव मंडल, शक्ति केंद्र, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, सेक्टर संयोजक की बैठक ली। बैठक में महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी प्रेम पाल सिंह धंगर ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रायशुमारी की। रायशुमारी के बाद प्रभारी धंगर ने केंद्र एवं मध्य प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहितैषी योजनाओं के लाभार्थियों, शक्ति केंद्र एवं बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक कर संगठन के द्वारा दिए गए कार्यों को बताया और जनता के बीच जाने की बात कही। महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र के नौगांव शहर की बैठक के बाद कुंडाला विधायक एवं महाराजपुर प्रभारी प्रेम पाल सिंह धंगर ने सोमवार को हरपालपुर मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रायशुमारी की।

रायशुमारी के बाद प्रभारी धंगर ने केंद्र एवं मध्य प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहितैषी योजनाओं के लाभार्थियों से मुलाकात कर आगामी चुनाव पार्टी के लिए सहयोग मांगा। तो वहीं क्षेत्र के शक्ति केंद्र एवं बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक कर संगठन के द्वारा दिए गए कार्यों को बताया और जनता के बीच जाने की बात कही। बैठक के दौरान मुख्यातिथि विधायक धंगर ने संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र उत्थान एवं राष्ट्र की प्रगति के लिए भाजपा को जिताना जरूरी है, देश में भाजपा और प्रदेश में भाजपा ही क्षेत्र और देश का विकास कर सकती है और विकास कर रही है। विकास के लिए भाजपा जरूरी है। भाजपा सरकार ने गरीब,निर्धन,असहाय जन के लिए पीएम आवास, खाद्यान्न योजना, नलजल योजना, लाड़ली बहना योजना, लाड़ली लक्ष्मी जैसी अनेकों जनकल्याणकारी योजना चलाई जा रही है जिससे देश एवं समाज मजबूत हो रहा है, इन्हीं सब योजनाओं और संगठन के बल पर हमें चुनाव मैदान में जाना है और पार्टी को चुनाव जीतना है सहित पार्टी कार्यकर्ताओं को जीत के मूल मंत्र दिए। इस दौरान घोषित प्रत्याशी कामख्या प्रताप सिंह, नपा अध्यक्ष अनूप तिवारी,मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सोनकिया, सूरज देव मिश्रा, अंजुल सक्सेना,रवि रिछारिया, अभिलाषा शिवहरे सहित अनेक पार्टी नेता, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले को करें गौरवान्वित : कलेक्टर



**छतरपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जीआर एवं जिला पंचायत सीईओ तपस्या सिंह परिहार ने जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा में चयनित जिले के प्राथमिक एवं माध्यमिक कक्षाओं के 23 विद्यार्थियों को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि जिले के 8 प्राथमिक एवं 13 माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को ओलंपियाड प्रतियोगिता 2022-23 में चयनित होने पर सम्मानित किया गया।कलेक्टर ने सभी बच्चों से परिचय प्राप्त किया और भविष्य में उन्हें क्या बनना है इस पर चर्चा की। सभाकक्ष में उपस्थित विद्यार्थियों के अभिभावकों एवं शिक्षकों के द्वारा बच्चों के भविष्य में शिक्षा के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने की सराहना की। उन्होंने चयनित छात्र- छात्राओं से बात करते हुए जीवन में उनके लक्ष्य के बारे में पूछा। विद्यार्थियों के साथ ही उन्होंने अभिभावकों से भी बात की। विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप और अच्छी मेहनत कर शिक्षा के क्षेत्र में जिले को गौरवान्वित करें। उन्होंने कहा कि आप जिस उम्र में हो, कुछ भी कर गुजरने की ताकत रखते हैं। जो चाहोगे वह पाओगे, मेहनत करो। यहां हर बच्चा डॉक्टर, इंजीनियर, साइंटिस्ट बन सकता है।

उन्होंने कहा कि सपनों को साकार करने के लिए हम अपनी आदतें बनाते हैं और फिर वही आदतें हमारा भविष्य बनाती हैं। सपने साकार करने के लिए अच्छे आदर्श आचार एवं विचारों का अनुसरण करें। जीवन में विफलता से कभी घबराना नहीं चाहिए और बार-बार सच्चे मन से किया गया प्रयास सफलता अवश्य दिलाता है। इस दौरान डीपीसी अरूणशंकर पाण्डेय, एपीसी अकादमिक नीरज खरे, बीएसी सुनीता प्रजापति, सीएसी जयनारायण खरे, प्रदीप गोस्वामी, नटवर सोनी, एमआरसी दानबहादुर पटेल सहित छात्रों के साथ आए शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

### ये हुए सम्मानित

माध्यमिक वर्ग में ऋषभ अहिरवार, अक्षरा जैन, यश विश्वकर्मा, राहुल कुशवाहा, अंकिता शर्मा, केतन खटीक, अनुश्री मिश्रा, राज गोस्वामी, रेशमा अहिरवार, संतोष कुशवाहा, खुशी पटेल, राहुल कुशवाहा, आशीष सिंह, सक्षम गुप्ता, सोम्या कुशवाहा एवं प्राथमिक वर्ग में प्रज्ञा साहू, प्रतिभा यादव, प्रखर बिलथरे, राघवेन्द्र यादव, कशिश लटौरिया, आयुष पाल, हेमंत राठौर एवं सूर्यांश अवस्थी को कलेक्टर संदीप जीआर एवं जिला पंचायत सीईओ तपस्या सिंह परिहार ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## नर्सिंग छात्र संगठन की 3 दिवसीय हड़ताल जारी



**छतरपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर कार्यालय के बाहर मेला ग्राउंड में पंडाल लगाकर हड़ताल पर बैठे नर्सिंग के विद्यार्थियों ने मंगलवार को जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर उनकी सभी मांगों का शीघ्र निराकरण कराने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि प्रदर्शन स्थल पर जिले भर के कॉलेजों में अध्ययनरत नर्सिंग के विद्यार्थी तीन दिवसीय धरना कर रहे हैं। मंगलवार को सभी विद्यार्थी हाथों में काली पट्टी बांधकर कलेक्टर को अपना ज्ञापन देने गए।

नर्सिंग छात्र संगठन के जिलाध्यक्ष वतन मिश्रा ने बताया कि मेडीकल यूनिवर्सिटी जबलपुर से संबंधित 2020-21 सत्र के सभी नर्सिंग कोर्सेस की पढ़ाई करते हुए विद्यार्थियों को 3 साल हो चुके है लेकिन अभी तक प्रथम वर्ष की परीक्षा नही हुई है, जिस कारण से विद्यार्थी मानसिक रूप से परेशान हैं। विद्यार्थियों की मांग है कि यूनिवर्सिटी की कार्यपरिषद की बैठक कर प्रस्ताव पारित करके 2020-21 सत्र के सभी बीएससी नर्सिंग स्टूडेंट्स को स्टूडेंट्स को प्रथम वर्ष में जनरल प्रमोशन दिया जाए और दूसरे तथा तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा जल्द ली जाए। पोस्ट बेसिक व एमएससी नर्सिंग स्टूडेंट्स को प्रथम वर्ष में जनरल प्रमोशन और दूसरे वर्ष की परीक्षा जल्द कराने की मांग भी की गई है। इसके अलावा ज्ञापन में जीएनएम नर्सिंग करने वाले विद्यार्थियों का जल्द रिजल्ट घोषित कराने, छात्र-छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को जले भेजने, नर्सिंग स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप दिलाने की मांग शामिल है।

## शिक्षा के मंदिर में पढ़ाई छोडक़र बच्चे धो रहे बर्तन



हरपालपुर। ग्रामीण अंचलों के जो बच्चे शिक्षा पाने के लिए विद्यालय जाते हैं उन्हें पढ़ाई छोडक़र बर्तन धोने पड़ रहे हैं। मामला नौगांव जनशिक्षा केन्द्र की प्राथमिक शाला कारकदेव चिरवारी का है, जहां के बच्चों का कहना है कि उनके विद्यालय में पढ़ाई नहीं होती है। वे विद्यालय आते हैं और मध्यान्ह भोजन करने के बाद अपने बर्तन धोते हैं और बाकी समय में खेलते रहते हैं।

उल्लेखनीय है कि मध्यान्ह भोजन प्रदान करने और बर्तन धुलवाने की जिम्मेदारी समूह की होती है और बच्चों के अध्यापन सहित समग्र देखरेख की जिम्मेदारी शाला प्रबंधन की, लेकिन यहां शाला प्रबंधन बच्चों को शोषण से बचाने की बजाय खुद शोषण करने में जुटा है। दोपहर का भोजन करने के बाद छोटे-छोटे बच्चे बर्तन साफ करते हैं। इतना ही नहीं इन बच्चों को ही शाला परिसर में झाडू लगानी पड़ती है।

उक्त विद्यालय में 5 शिक्षक पदस्थ हैं जिनमें ऊपर शाला में दर्ज 130 बच्चों को पढ़ाने की जिम्मेदारी है लेकिन शिक्षक अपनी जिम्मेदारी सही से नहीं निभा रहे हैं। यह भी आरोप हैं कि बच्चों को विद्यालय में मीनू के मुताबिक और गुणवत्ता युक्त भोजन नहीं दिया जाता। इस संबंध में जब शाला के शिक्षकों से सवाल किए गए तो उन्होंने कुछ भी कहने से इंकार कर दिया।

## परेशान हैं ग्रामीण, चुनाव बहिष्कार का किया ऐलान



**छतरपुर, देशबन्धु।** मंगलवार को जनसुनवाई में आए बड़ामलहरा क्षेत्र के ग्राम जसगुवां कला के ग्रामीणों ने कलेक्टर की जनसुनवाई में आवेदन देकर आगामी चुनाव का बहिष्कार करने का ऐलान कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई वर्षों से ग्रामीण सडक़ बनवाने की मांग कर रहे हैं लेकिन जनप्रतिनिधि और प्रशासन उनकी उपेक्षा कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों को वे सैकड़ों आवेदन देकर सडक़ बनवाने की मांग कर चुके हैं लेकिन कोई भी उनकी समस्या पर ध्यान नहीं दे रहा। विधायक चुनाव के बाद आज तक उनके गांव का हाल जानने नहीं पहुंचे। ग्रामीणों के मुताबिक सडक़ न होने से तीन गांव के ग्रामीण परेशान हैं, बारिश के मौसम में आवागमन बाधित रहता है, मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने में भारी दिक्कत होती है। जनसुनवाई में आवेदन देकर ग्रामीणों ने कहा है कि यदि जल्द ही सडक़ नहीं बनी तो वे चुनाव में मतदान नहीं करेंगे।

## प्रियंक श्रीवास्तव अध्यक्ष, विकास चौबे को मिली सचिव की जिम्मेदारी



**छतरपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन के वार्षिक अधिवेशन का आयोजन शहर के बीच स्थित एक होटल में किया गया। अतिथियों के रूप में एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष पांडे एवं प्रदेश महासचिव निशिकांत पंड्या उपस्थित हुए। इस अवसर पर पुरानी कार्यकारिणी को भंग करते हुए नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। प्रियंक श्रीवास्तव अध्यक्ष और विकास चौबे सचिव बनाए गए।

चुनाव अधिकारी राजकुमार बाजपेई एवं गिरीश खरे ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि महाराजा होटल में एमपी एमआरए का वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया इस मौके पर 1 सैकड़ा से अधिक सदस्य उपस्थित रहे प्रदेश पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों से मुलाकात की और फील्ड में काम करने के दौरान होने वाली कठिनाइयों को जाना। वार्षिक अधिवेशन के माध्यम से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। घोषित कार्यकारिणी के मुताबिक प्रियंक श्रीवास्तव अध्यक्ष, विकास चौबे सचिव, शैलेंद्र तिवारी कोषाध्यक्ष, कुलदीप पांडे व सुधीर खरे उपाध्यक्ष, गौतमजीत सिंह व उमा शंकर चौबे सह सचिव के अलावा अवधेश दुबे, शैलेंद्र तिवारी, चंचल योगी, शैलेंद्र नायक, नरेंद्र चौबे, केशव चौहान, मोहन राठौर, केशव यादव, भानु प्रताप अहिरवार, अरविंद पांडे, रवि नामदेव, सुरेश दुबे, विकास रावत, अरविंद राजावत, बृजेश नामदेव, सुनील सेन को वर्किंग कमेटी मेंबर का दायित्व दिया गया है। अतिथियों ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए अपेक्षा की कि वे अपने साथियों के हितों की रक्षा करेंगे।

## रस्म अदायगी तक सीमित है पौधारोपण



**बकस्वाहा, देशबन्धु।** जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली 6 पंचायतों, गढ़ीसेमरा, जुझारपुरा, बीरमपुरा, चचाईसेमरा, केरावारा और कुषमांड में में माइक्रो वॉटरसेड के तहत अमरूद, आंवला, शीशम, नींबू, करौंदा सहित अन्य फलदार व छायादार पौधे लगाने का कार्य 80 लाख 36 हजार की लागत से किया जा रहा है। उक्त कार्य शुरु होते ही विवादों में आ गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि उक्त कार्य घटिया सामग्री से कराया जा रहा है। पौधरोपण में फेंसिंग के लिए जो पोल लगाए गए हैं वे इतने घटिया हैं कि हाथ लगाते ही गिर रहे हैं। इसके अलावा पौधरोपण के लिए दो फिट चौड़ाई और गहराई वाले गड्ढे होना थे लेकिन पैमाने के मुताबिक गड्ढे नहीं खोदे गए। उर्वरक खाद का भी कार्य में इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। उक्त कार्य हेतु स्वीकृत भूमि और पौधों की संख्या में भी काफी कमी देखने को मिल रही है। जिन खसरा नंबर में पौधरोपण हुआ है वहां के लिए अनुमति नहीं दी गई थी, और जिसकी अनुमति थी वहां पौणरोपण नहीं किया गया।

### इनका कहना

पूरे कार्य की जानकारी लेता हूं, साथ ही जिन खसरा नंबर में पौधरोपण किया जा रहा उनको जोड़ा जाएगा और जिनमें नही हुआ है वहां पर पौधरोपण कराया जाएगा।

**राकेश शुक्ला, एसडीएम, बकस्वाहा**

मुझे शिकायत मिली है, पौधरोपण के कार्य में लापरवाही करने वालों के खिलाफ कार्यवाही होगी।

**प्रद्युम्न सिंह लोधी, विधायक, बड़ामलहरा**

### छात्रों के 2 गुट भिड़े, 1 छात्र घायल

**हरपालपुर।** नगर के शासकीय राजा हरपाल सिंह कॉलेज में मंगलवार कह दोपहर छात्रों के दो गुटआपस में भिड़ गए। इस दौरान दोनों गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई, मारपीट में एक छात्र लहूलुहान हो गया। घायल छात्र ने थाने पहुंचकर शिकायत की जिस पर पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। हालांकि अभी तक इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं की गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक राजा हरपाल सिंह कॉलेज के छात्र अंशुल पुत्र अशोक राजपूत निवासी सौंरा का रोहित यादव, बॉबी यादव और सौरभ यादव के साथ एनसीसी के पेपर जमा करने को लेकर विवाद हो गया था। यह विवाद इतना बढ़ा कि रोहित यादव, बॉबी यादव और सौरभ यादव ने अपने साथियों के साथ मिलकर अंशुल राजपूत तथा उसके साथियों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस विवाद में अंशुल के सिर में चोट आई है। विवाद की सूचना मिलने के बाद जैसे चौकी प्रभारी रामप्रकाश अहिरवार मौके पर पहुंचे और घायल छात्र को ईलाज के लिये प्राथमिक स्वास्थ केंद्र में भर्ती कराया गया। घायल अंशुल राजपूत की शिकायत पर पुलिस ने आईपीसी की धारा 323, 294, 341, 506, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया है।

## सर्पदंश से मासूम की दर्दनाक मौत



**घुवारा, देशबन्धु।** बड़ामलहरा अनुभाग के पुलिस उपथाना घुवारा अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कुड़ैला के ग्राम बड़ेरा की जहां पर रविवार की रात्रि करीब 3 बजे अपनी मां और बहिन के साथ घर में ज़मीन पर 14 वर्षीय मासूम नाबालिक देवी अहिरवार सो रहा था कि उसी दौरान किसी जहरीले सांप ने डस लिया।खबर लगते ही विधवा मां बच्चे को लेकर किसी तरह टीकमगढ़ के बगाज़ माता मंदिर झाड़ फूंक के लिए ले गए लेकिन वहां पर बच्चे की हालत में सुधार नहीं होने से टीकमगढ़ जिला अस्पताल में सोमवार की सुबह भर्ती कराया लेकिन जहर का असर पूरे शरीर में फैल जाने से ईलाज भी काम नहीं आया और मासूम ने अस्पताल में ही दम तोड़ दिया।

पीएम होने के बाद सोमवार को मृत बालक का शव ग्राम बड़ेरा लाया गया जहां उसका अंतिम संस्कार किया गया। मासूम बालक की अकाल मृत्य से विधवा मां और दादा दादी तो आहत हुए ही हैं वहीं ग्रामीणों की भी अंतिम संस्कार के समय आंखे नम हुए बगैर नहीं रह पाईं।

### इकलौता चिराग बुझ गया

पति के गुजर जाने के बाद विधवा महिला जमना अहिरवार की आस अपने बेटे देवी से बंधी की उसे पड़ा लिखाकर एक काबिल इंसान बनाऊंगी लेकिन समय से पहले ही काल के गाल में समा गया।और सारी उम्मीदें और सपने एक ख्वाब बनकर रह गए।

**प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि भी नहीं पहुंचे विधवा को दिलासा देने-** कुदरत किसी के भी साथ इस तरह का वाक्या घटित न करे क्योंकि ऐसे वक्त इम्तहान पर साहस और हिम्मत हर इंसान टूट ही जाता है। ऐसे ही हालत विधवा मां और बहिन के हैं। लेकिन गांव वाले तो सांत्वना पहुंचाने पहुंच रहे लेकिन अभी तक कोई भी प्रशासनिक अधिकारी और न ही जनप्रतिनिधि आर्थिक सहायता तो दूर सांत्वना देने तक नहीं पहुंचा।

देशबन्धु

सागर, बुधवार 23 अगस्त 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# मोदी-जिनपिंग भेंट पर निगाहें

दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में मंगलवार को शुरू होने जा रही 15वीं शिखर वार्ता पर चाहे सबकी नज़रें विभिन्न कूटनीतिक एवं व्यवसायिक कारणों से टिकी हों पर आम भारतीयों की उत्सुकता इस सम्मेलन को लेकर इसलिये है क्योंकि वे देखना चाहते हैं कि भारत और चीन के बीच कई तरह के विवादों और मुद्दों को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से बातचीत करते हैं या नहीं। चूंकि इस बात की सम्भावना कूटनयिक हलकों में भी जतलाई गई है कि दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच मुलाकात की सम्भावना है, तो देश की यह आशा स्वाभाविक है कि मोदी भारत के हितों से जुड़े मसलों को कड़ाई से उठायेंगे। भारत में चीन की घुसपैठ और कुछ स्थानों पर हो चुकी झड़पों को लेकर मोदी ने देश के भीतर कभी स्पष्ट बात नहीं की, सिवाय यह कहने के कि पड़ोसी देश की ओर से कोई घुसपैठ नहीं हुई है। संसद के भीतर व बाहर एकाध बयानों के अलावा भारत सरकार या मोदी ने कभी भी इस बात को स्वीकार नहीं किया कि चीन देश की सीमा के भीतर घुस आया है। मोदी की अनेक मौकों पर चीनी राष्ट्रपति से मुलाकात तो हुई है लेकिन मोदी ने यह मसला कभी भी नहीं उठाया। देखना यह होगा कि अब भी मोदी लोगों को निराश करते हैं या चीन को कड़े लफ्जों में भारत की सम्प्रभुता का सम्मान करने की नसीहत देते हैं।

वैसे तो पश्चिमी दुनिया के प्रभाव से अलग 5 बड़े देशों- ब्राजील, रूस, इंडिया, चीन एवं दक्षिण अफ्रीका (ब्रिक्स) द्वारा परस्पर सहयोग व विकास के उद्देश्यों को लेकर वर्ष 2010 में गठित इस संगठन में शामिल होने के लिये 60 देश इच्छुक हैं परन्तु यह तय नहीं हुआ है कि देशों के आवेदन को स्वीकार करने के पैमाने क्या होने चाहिये। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार जिन देशों को शामिल करने का निर्णय लिया जायेगा वह परस्पर सहमति से होगा। अब तक तो ईरान को इसमें शामिल करने के लिए रूस एवं चीन ने समर्थन जताया है। इन देशों के प्रतिनिधियों को सम्मेलन में शामिल होने के लिये आमंत्रित भी किया गया है परन्तु सदस्यता किसे दी जाती है, यह देखना होगा। यहां भारत को सतर्क रहने की ज़रूरत है क्योंकि नयी सदस्यता से कुछ देश अतिरिक्त ताकतवर हो सकते हैं जबकि भारत का प्रयास इस संगठन को हर तरह की खेमेबाजी से बचाने का होना चाहिये। ब्रिक्स पश्चिम का विरोधी मोर्चा नहीं है- यह साबित करने की प्रमुख जिम्मेदारी भारत की ही है क्योंकि अगर यह धारणा बनती है तो मुख्य खामियाजा भारत को ही भुगतना पड़ेगा। देश की स्थिति ऐसी नहीं है कि वह पश्चिम का रोष झेल सके। भारत की वैदेशिक नीति के मूल में देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू प्रदत्त गुट निरपेक्षता का सिद्धांत है जो उसकी समग्र विदेश नीति में झलकता रहा है। मोदी इस विरासत को मजबूरी में ढो रहे हैं क्योंकि उनके पास कोई विकल्प नहीं है। चीन ब्रिक्स के विस्तार पर बहुत जोर दे रहा है। भारत को इससे सावधान रहना होगा क्योंकि चीन के प्रयासों से शामिल होने वाले देश उसके कहे में ज्यादा रहेंगे जो भारत के लिये सरदर्द हो सकते हैं। डॉलर की बढ़ती शक्ति से कई देश परेशान हैं, जिनमें ब्रिक्स के मुल्क भी हैं। इसका मुकाबला करने की रणनीति भी ब्रिक्स को बनानी होगी। कहा जा रहा है कि वैकल्पिक करेंसी बनाने की भी चर्चा हो सकती है जो इन देशों के बीच मान्य हो। महंगे डॉलर ने ज्यादातर देशों को परेशान कर रखा है क्योंकि इसके कारण सभी की इकानॉमी के समक्ष बड़ी चुनौतियां खड़ी हो गई हैं।

भारत की चीन के साथ बड़ी समस्या सीमा सम्बन्धी है। एक ओर तो भारत के साथ व्यवसायिक रिश्ते मजबूत करने की बात चीन करता है परन्तु जब से मोदी ने कार्यभार सम्भाला है, तब से चीन कई बार भारतीय सीमा का उल्लंघन कर चुका है। 2014 में जम्मू-कश्मीर के चुमार क्षेत्र में चीन के करीब एक हजार सैनिक घुस आये थे। 18 जून, 2018 को डोकलाम (भूटान) विवाद के चलते लगभग डेढ़ माह दोनों देशों के बीच तनाव रहा। गलवान नदी के किनारे 14वें पेट्रोलिंग प्वाइंट पर दोनों देशों के सैनिकों के बीच खूनी झड़पें हो चुकी हैं। ऐसे ही, अरूणाचल प्रदेश के सुबनसिरि जिले में चीनी सेना द्वारा गांव तक बसाने की शिकायत मिली है।

गलवान की विवादग्रस्त जगह लद्दाख के प्रसिद्ध पेंगांग झील के पास है जहां इन दिनों राहुल गांधी मोटर साइकल चलाकर पहुंचे हैं जहां वे 25 अगस्त तक रुकने का इरादा रखते हैं। अनुच्छेद 370 को समाप्त करने के बाद लद्दाखवासियों को हो रही दिक्कतों का वे जायजा ले रहे हैं, लोगों से मिल रहे हैं और मोदी सरकार पर आरोप दोहरा रहे हैं कि चीन ने वहां बड़ी घुसपैठ कर रखी है पर मोदी चीन से बात करने से डरते हैं। हालांकि ऐसा कहने वाले वे अकेले नहीं हैं। कई सूत्रों से ये बातें सामने आई हैं और स्वयं भारतीय जनता पार्टी के नेता व जनप्रतिनिधि इस बात को उठा चुके हैं लेकिन मोदी तथा उनकी सरकार यह मानने के लिए तैयार नहीं है। इसके पीछे चीन में भारतीयों तथा भारत में चीन के व्यवसायिक हित हो सकते हैं। मोदी व उनकी पार्टी चीन का विरोध दीवाली की फुलझड़ियों, साज-सज्जा की कतिपय सामग्रियों और कुछ मोबाइल-कम्प्यूटर एप्स पर प्रतिबन्ध लगाकर सोचती है कि उससे चीन को नुकसान हो जायेगा। देखना तो यही है कि मोदी ब्रिक्स के मौके पर होने वाली सम्भावित मुलाकात में ये बातें उठाते हैं या नहीं। अगर ऐसी भेंट तय नहीं है तो मोदी अपनी पहल से वार्तालाप निर्धारित करायें।

# परसाई होते तो क्या लिख रहे होते?

■ अरुण कान्त शुक्ला

अगस्त के महीने को यदि परसाई का महीना कहा जाए तो कम से कम साहित्य जगत में किसी को कोई आपत्ति नहीं होगी। 22 अगस्त को वे इस दुनिया में आये और 10 अगस्त 1995 को दुनिया से अलविदा कह गये। उनका लेखन काल लगभग भारत की स्वतंत्रता से प्रारंभ हुआ और बाद के लगभग पचास वर्षों तक निरंतर बना रहा। उनका लेखन काल भारत की आजादी के वे वर्ष थे जब 250 वर्षों की अंग्रेजों की गुलामी और लूट खसोट से मुक्त हुआ भारत न केवल अपने पैरों पर खड़ा होने की कोशिश कर रहा था बल्कि स्वयं के निर्माण के लिए उसने निजी और सरकारी पूंजी के जिस मिले-जुले रास्ते पर चलने का निर्णय सत्ता में आए लोगों ने लिया था, उसके दुष्परिणाम भी साफ -साफ देख रहा था। परसाई भारत के आम इंसान की अभिलाषाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरी किये जाने के पक्षधर विचारक थे और एक विचारक के रूप में उन्होंने समाज की हर अभिलाषा को स्वर दिया और हर राजनीतिक-सामाजिक विसंगति पर प्रहार किया। हरिशंकर परसाई के लेखन की सबसे बड़ी विशेषता उनकी निडरता है। अपने समय की विसंगतियों और संकीर्णताओं पर उन्होंने बेपरवाह लिखा और इसकी कीमत भी चुकाई। उनकी कलम से तिलमिलाकर लोगों ने उन पर हमले किए। आर्थिक अभाव लगातार बना रहा, फिर भी उन्होंने कभी समझौता नहीं किया। साहित्य जगत में आज इस तरह के सवाल अक्सर पूछे जाते हैं कि प्रेमचन्द होते तो क्या लिख रहे होते? परसाई होते तो क्या लिख रहे होते?

उनके निधन के लगभग 4 वर्ष पूर्व भारत में घोषित रूप से पूंजीपति और कारपोरेटपरस्त आर्थिक नीतियों और जिस धार्मिक, साम्प्रदायिक राजनीति का उफान हम देख रहे हैं, उस राजनीति की शुरुआत हो चुकी थी। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर जिस प्रहार को आज का स्वतन्त्र चिंतन झेल रहा है, उसके बीज दिखाई देने लगे थे। परसाई के लेखन के स्वर्णिम युग में जो सामाजिक विसंगतियां बिल से सर बाहर निकाल रही थी, उनका खुला नृत्य प्रारंभ होना शुरू हो गया था। परसाई यदि असामयिक मृत्यु को प्राप्त नहीं करते तो मुझे पूर्ण विश्वास है कि वे आज के नफरती हालातों पर, राजनीति के धर्म के साथ घालमेल पर, देश में 1991 के बाद आई तथाकथित उदारवादी नीतियों जो शासन और पूंजीपति के भाईचारे के अतिरिक्त और कुछ नहीं हैं, अवश्य ही नियमित और करारी चोट कर रहे होते और न केवल शासन बल्कि समाज के उस हिस्से की भी हिटलिस्ट में होते जो भारत की विविध सभ्यता को हिंदूवादी बनाने के लिए हाथ में तलवार और त्रिशूल लिए सड़कों पर घूम रहा है या वे पंसारे-कलबुर्गी या गौरी लंकेश की गति को प्राप्त कर चुके होते या फिर शायद हाल यह होता कि उन पर उनकी पहले की लिखी किसी 'पंच लाइन' के आधार पर कोई पंचायत स्वत: संज्ञान लेकर उन्हें सजा सुना चुकी होती। या फिर देश के अनेक स्वघोषित बुद्धिजीवी उनके इस वाक्य, 'इस देश के बुद्धिजीवी शेर हैं, पर वे सियारों की बारात में बैंड बजाते हैं' के आधार पर उनके खिलाफ मानहनि का मुकदमा दायर कर चुके होते। या फिर अंतरात्मा की आवाज या देशहित या अपने क्षेत्र, राज्य की जनता के हित में करोड़ों रुपये लेकर दल बदल कर सत्ता सुख पाने वाले लोग, 'अच्छी आत्मा फोल्डिंग कुर्सी की तरह होनी चाहिए। जरूरत पड़ी तो फैलाकर बैठ गए, नहीं तो मोड़कर कोने से टिका दिया' जैसी लाइन लिखने के लिए परसाईजी को सबक सिखाने का निर्देश अपने कार्यकर्ताओं को दे चुके होते।

> परसाई मात्र व्यंग्यकार नहीं थे। वे लोक शिक्षक थे, समाज-निर्देशक थे। परसाई का लेखन केवल सुधार के लिए नहीं होता था। वे बदलाव के लिए लिखते थे। वे बदलाव के लिए केवल लेखन पर नहीं लेखक की जमीनी जुड़ाव की बात भी करते थे। उन्होंने सामाजिक, राजनीतिक चेतना जगाने का काम किया। जबलपुर में भड़के दंगे रुकवाने के लिए गली-गली घूमे। मजदूर आंदोलन से जुड़े।

प्रश्न वहीं पर है कि परसाई होते तो क्या लिख रहे होते? परसाई जी की छवि एक सशक्त व्यंग्यकार की है। मेरा मानना है कि वे उससे बड़े लोकशिक्षक थे। उनके व्यंग्य जहां हृदय पर चोट करते हैं, करुणा जगाते हैं, वहीं विसंगति को दूर करना चाहिये की सोच को भी पैदा करते हैं। उनके निबंध समाज की गूढ़ बातों के रहस्यों को खोलते हैं। मैं सिर्फ दो उदाहरण से अपनी बात कहूंगा। जब उन्होंने अपना निबंध युग की पीड़ा का सामना लिखा था तब भारत को स्वतंत्र हुए मात्र 17 वर्ष हुए थे तब उन्हें देश के भूखे-नंगे लोग दिख रहे थे, आज जब देश के राजनेता दम्भ से भरकर ये कहते हैं कि वे देश के 85 करोड़ लोगों को 35 किलो अनाज लगभग मुफ्त दे रहे हैं तो वे कितने कठोर होकर उस पर प्रहार नहीं करते। उन्होंने अपने निबंध पगडंडियों का ज़माना में शिक्षा क्षेत्र में बेईमानी की परतें उधेड़ी थीं। उन्होंने लिखा था- 'देखता हूं, हर सत्य के हाथ में झूठ का प्रमाणपत्र है। आज जब सत्य का पूर्ण लोप हो गया है और लोकतंत्र के तथाकथित रूप से मंदिर कहे जाने वाले सदनों और विधानसभाओं तक में असत्य तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्थापित किया जाता है, तो निश्चित रूप से उनकी लेखनी और पैनी होकर प्रहार करती।

परसाई मात्र व्यंग्यकार नहीं थे। वे लोक शिक्षक थे, समाज-निर्देशक थे। परसाई का लेखन केवल सुधार के लिए नहीं होता था। वे बदलाव के लिए लिखते थे। वे बदलाव के लिए केवल लेखन पर नहीं लेखक की जमीनी जुड़ाव की बात भी करते थे। उन्होंने सामाजिक, राजनीतिक चेतना जगाने का काम किया। जबलपुर में भड़के दंगे रुकवाने के लिए गली-गली घूमे। मजदूर आंदोलन से जुड़े। लोक शिक्षण की मंशा से ही वे देशबन्धु में पाठकों के प्रश्नों के उत्तर देते थे। उनके स्तंभ का नाम था, 'पूछिए परसाई से' पहले हल्के और फिल्मी सवाल पूछे जाते थे। धीरे-धीरे परसाईजी ने लोगों को गंभीर सामाजिक-राजनीतिक प्रश्नों की ओर प्रवृत्त किया। यह सहज जन शिक्षा थी। लोग उनके सवाल-जवाब पढ़ने के लिए अखबार का इंतजार करते थे।

परसाई अपने बारे में वे कहते थे, 'मैं लेखक छोटा हूं, लेकिन संकट बड़ा हूं।' आज साहित्य में ऐसे बड़े संकटों की घोर आवश्यकता है, जब सत्ता की चोटी पर बैठे लोग बुद्धिजीवियों को राष्ट्रद्रोही और देशद्रोही के तमगों से नवाज रहे हैं और उनसे खुलकर कह रहे हैं कि या तो हमारी प्रशंसा में लिखो, समर्थन में लिखो या फिर राष्ट्रद्रोही का तमगा गले में लटकवाने के लिए तैयार रहो। ऐसे समय में परसाईजी ज्यादा प्रासंगिक हैं। आज वे होते तो मौजूदा संकटों पर उनकी चोट भी बहुत बड़ी होती, शायद सबसे बड़ी होती, गहरी होती।

# पहाड़ों की पुकार : ट से टिकाऊ, ज से ज़िम्मेदार

■ मोहित कुमार पांडेय

भारी बारिश के चलते हिमाचल प्रदेश व उत्तराखण्ड से आई त्रासदी की भयावह तस्वीरें हम सबने देखीं। भरभरा कर गिरते घर, नदियों की उफनती हुई धारा में बहती सड़कें, दुकानें और भवन व भूस्खलन की तस्वीरों में जिस एक बात की समानता थी वो ये कि प्रकृति कह रही है 'बस अब और नहीं'। इस त्रासदी के चलते हिमाचल प्रदेश में अब तक 300 से अधिक लोगों की मृत्यु हो चुकी है। लगभग 10,000 करोड़ रुपए का अनुमानित नुकसान हो चुका है। हज़ारों लोगों का आशियाना छिन चुका है और हज़ारों की संख्या में पशुधन को नुक़सान हुआ है। लगभग 1400 सड़कें त्रासदी के चलते प्रभावित हुई हैं। सेब के कारोबार में लगभग 1000 करोड़ का नुकसान हुआ है व अन्य कारोबारों में भी मंदी आई है। विशेषज्ञों के अनुसार अभी हिमाचल प्रदेश में और बारिश होने की सम्भावना है और सितम्बर के पहले हफ्ते तक ये त्रासदी जारी रह सकती है।

सोशल मीडिया की वजह से त्रासदी की जो तस्वीरें आज पूरे देश में पहुंच रही हैं, उसकी आहट हिमाचल प्रदेश को पहले से मिल रही थी। 2020 में जहां हिमाचल प्रदेश में भूस्खलन की 16 घटनाएं हुई थीं, वहीं 2022 में भूस्खलन की 117 घटनाएं हुईं। इस साल भी भूस्खलन की लगभग 100 से अधिक घटनाएं हो चुकी हैं। राज्य आपदा प्रबंधन संस्थान की एक रिपोर्ट के मुताबिक मानसून के दौरान आई त्रासदी की वजह से 2017-22 के बीच में लगभग 1800 मौतें हुईं, 3000 से अधिक मवेशी त्रासदी की भेंट चढ़ गए और लगभग 7500 करोड़ का नुकसान हुआ।

> मानसून के दौरान पहाड़ों पर साल दर साल आने वाली त्रासदी पहाड़ से बाहर रह रहे लोगों के लिए भले ही हताहत लोगों की संख्या या एक खबर भर लगती हो, लेकिन पहाड़ में रहने वाले स्थानीय लोगों व पहाड़ की पारिस्थितिकी के लिए ये सुरक्षित भविष्य बनाने की एक पुकार है। पहाड़ की इस पुकार में 'दिखाऊ विकास की जगह 'टिकाऊ विकास' और 'लापरवाह पर्यटन मॉडल' की जगह 'ज़िम्मेदार पर्यटन मॉडल' की साफ झलक मिलती है।

मानसून के दौरान दिखने वाली त्रासदी की इन तस्वीरों को मानसून के बाद आने वाली 'विकास' और 'पर्यटन' की तस्वीरें ढक लेंगी। ग्रीन ट्रिब्यूनल, आपदा प्रबंधन, लैंडस्लाइड एटलस ऑफ इंडिया व तमाम संस्थाओं की चेतावनियों को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा। वन संरक्षण व संवर्धन अधिनियम 2023 ने वनों को नुकसान का रास्ता तैयार कर ही दिया है। ऐसे में अक्टूबर से मई तक के बीच में जब आपके मोबाइल पर पहाड़ों में फोर लेन रोड व सुरंगों की तस्वीरें आईं, जब सोशल मीडिया की रीलों में रिवरसाइड रिज़ॉर्ट और कई मंज़िला इमारतों को सुंदर ढंग से आपको परोसा जाए, जब पहाड़ों पर सरपट कार दौड़ाने और चाय व मैगी की चाहत के चलते आप भी पहाड़ों पर कोई टूरिस्ट डेस्टिनेशन ढूंढ रहे हों, तो सोचिएगा जरूर कि ये जो तथाकथित 'विकास' है वो कितना टिकाऊ है? जो पर्यटन हम कर रहे हैं उसमें जिम्मेदारी का बोध कितना है? क्या इन सुंदर पहाड़ों, जिनको हम अपनी तस्वीरों व रीलों में बॉलीवुड के ट्रेंडिंग गानों के साथ डालते हैं, की पीड़ा हम सुन पा रहे हैं?

क्या पहाड़ों में विकास के नाम पर जो कुछ हो रहा है वह टिकाऊ है? जलवायु परिवर्तन (क्लाइमेट चेंज) आज पूरे विश्व की हकीकत बन चुका है। जलवायु परिवर्तन के चलते हिमालय जैसे तरुणाई से भरे पहाड़ों पर मंडराने वाले खतरे भी हमारे सामने हैं। लेकिन क्या इन सुंदर पहाड़ों को बचाने के लिए भविष्य की दृष्टि से टिकाऊ विकास के कदम उठाए जा रहे हैं?

विशेषज्ञों ने फोरलेन व निर्माण कार्यों के लिए पहाड़ों को 90 डिग्री पर काटने और हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट्स व सुरंगों के लिए पहाड़ों पर किए जाने वाले ब्लास्ट को लेकर चेतावनियां दी हैं। 25-50000 की क्षमता वाले शहरों में लाखों की आबादी की बसाहट को लेकर अर्बन प्लानिंग एक्स्पर्ट सतर्क करते आ रहे हैं। आपदा प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन व पारिस्थितिकी के क्षेत्र में काम करने वाले कई संस्थानों व विशेषज्ञों ने अपनी रिपोर्टों में भवन निर्माण के 'दिल्ली मॉडल' को हूबहू पहाड़ों के शहरों पर लागू करने को लेकर आगाह किया है। विशेषज्ञों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के चलते बरसात की अनिश्चितता व भयावहता आने वाले दिनों में भी कम नहीं होगी और इस कारण से पहाड़ों पर बिना सोचे समझे किए जा रहे 'विकास' को त्यागते हुए हमें टिकाऊ विकास का मॉडल अपनाना होगा।

एक रिपोर्ट के मुताबिक पूरे विश्व में जलवायु परिवर्तन के कारकों में पर्यटन का हिस्सा 10फीसदी है। हिमाचल प्रदेश की जीडीपी में पर्यटन कारोबार का हिस्सा लगभग 4 फीसदी है। इस साल जून तक 1 करोड़ से अधिक पर्यटक हिमाचल प्रदेश पहुंचे। सोशल मीडिया की रीलों, इंस्टाग्राम पर बने आकर्षक पेजों व पर्यटन बढ़ाने के सरकारी प्रयासों और पर्यटकों के लिए सुविधाएं दुरुस्त करने की कवायदों के खाके में जिम्मेदारी का बोध बहुत कम दिखाई पढ़ता है। पहाड़ों में बेहतर कनेक्टिविटी की अपेक्षा करते समय हम ये भूल जाते हैं कि 'फास्ट ट्रैवल' की चाह में हम पहाड़ों का नुकसान कर रहे हैं। हम भूल जाते हैं कि 'रिवरसाइड रिज़ॉर्ट' ने नदी का प्राकृतिक रास्ता ही घेर लिया है। हमको ध्यान ही नहीं रहता कि पहाड़ों की हवाओं के बावजूद बहुमंजिला होटलों में चलती एसी जलवायु परिवर्तन में हिस्सेदार है। चिप्स पैकेट, बोतलों, सिगरेट के डिब्बों के कचरे से पहाड़ों को भरते समय, हमें अंदाजा ही नहीं लगता कि ये कचरा पहाड़ों में पानी के प्राकृतिक बहाव में अड़ंगा डालेगा। कुकरमुत्ते की तरह हो रहे निर्माण कार्य ने नालों में बहाव का रास्ता ही रोक दिया है। पर्यटन के इस पूरे मॉडल से जिम्मेदारी शब्द ही गायब है।

मानसून के दौरान पहाड़ों पर साल दर साल आने वाली त्रासदी पहाड़ से बाहर रह रहे लोगों के लिए भले ही हताहत लोगों की संख्या या एक खबर भर लगती हो, लेकिन पहाड़ में रहने वाले स्थानीय लोगों व पहाड़ की पारिस्थितिकी के लिए ये सुरक्षित भविष्य बनाने की एक पुकार है। पहाड़ की इस पुकार में 'दिखाऊ विकास की जगह 'टिकाऊ विकास' और 'लापरवाह पर्यटन मॉडल' की जगह 'ज़िम्मेदार पर्यटन मॉडल' की साफ झलक मिलती है। क्या सरकारें और हम नागरिक इस पुकार को सुन पा रहे हैं?

## पावन प्रसंग

# मन:संस्थान को शांत रखें

शहरी आबादी की खिच-खिच, शोर, गंदगी, अस्त-व्यस्तता के कारण लोग तनावजन्य रोग से ग्रस्त हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त,व्यक्तिगत दृष्टिकोण, स्वभाव एवं जीवनयापन का क्रम भी इस विपत्ति को बढ़ाने का एक कारण है। क्रोध, आवेश, चिन्ता, ईर्ष्या, निराशा की मन:स्थिति ऐसी उत्तेजना उत्पन्न करती है, जिसके कारण तनाव रहने लगे। इस स्थिति से नाड़ी संस्थान और मांसपेशियों के मिलन केंद्रों पर 'सोसेटिल कोलेन' नामक पदार्थ बढ़ने व जमने लगता है। कार्बन और कोगल की मात्रा बढ़ने के कारण लचीलापन घटता है तथा अवयव अकड़ने लगता है। यह एक प्रकार की गठिया का चिह्न ही है जिसके कारण हाथ-पैर काम नहीं करते। इन दिनों हर स्तर का व्यक्ति ऐसी परिस्थितियों से घिरा रहता है, जिससे उनका मन:संस्थान खिन्न, उद्विग्न रहने लगता है और कुछ करते नहीं बन पड़ता।

बच्चे अभिभावकों से समुचित स्नेह प्राप्त नहीं कर पाते और असुरक्षा अनुभव करके निराश व खिन्न रहने लगते हैं। युवावर्ग के सामने रोजगार की अनिश्चितता तथा पारिवारिक सामंजस्य की समस्याएं, दोस्तों की धूर्तता से वे परेशान रहते हैं। बूढ़ों की शारीरिक असक्तता, रुग्णता ही नहीं परिवारजनों की बरती जाने वाली अवमानना भी कम कष्टदायक नहीं होती। वे कमा तो सकते नहीं अपनी कमाई के स्वामित्व से भी वंचित हो जाते हैं। बेटों पर निर्भर होते हैं। मित्रता भी इस स्थिति में हाथ नहीं लगती। फलत: एकाकीपन से ऊबे व भविष्य के संबंध में निराश रहते हैं। मौत की निकटता सामने आती प्रतीत होती है। किसी अविज्ञात के अंधकार में चले जाने व दृश्यमान संसार से संबंध टूट जाने की कल्पना भी उन्हें कम कष्ट नहीं देती। इन परिस्थितियों में यदि तनाव का आक्रमण हर किसी पर छाया दीखता है तो इसमें क्या आश्चर्य है

संबंधों में स्नेह, क्रोध और भय प्रमुख है। इनकी विकृति मोह,आक्रमण एवं हड़कम्प के रूप में देखी जाती है। भय के वास्तविक कारण कम और काल्पनिक अधिक होते हैं। कोई व्यक्ति आक्रमण करने वाला हो, दुर्बल के लिए देव भी घातक होता है। जो हवा आग को जलाने का काम करता है, वही दीपक को बुझा भी देती है। बढ़ती हुई ज्वाला के लिए पवन सहायता करता है और देखते ही देखते दावानल बना देता है।

भय में अपनी दुर्बलता की अनुभूति प्रथम कारण है और दूसरा कारण है- हर स्थिति को अपने विपरीत मान लेना। आशंकाग्रस्त व्यक्ति भोजन में विष मिले होने की आशंका से ग्रस्त होता है। ग्रह नक्षत्रों तक के विपरीत होने, दूरस्थ होने पर भी विपत्ति खड़ी होने की कल्पना करने लगते हैं। जैसों को तैसा भी मिल जाता है जो भय को बढ़ाने वाली घटनाएं सुनाने लगते हैं। भ्रांतियों का खंडन करने वाले व्यक्ति कम ही मिलेंगे।

मस्तिष्क को शांत रखने के लिए इच्छित परिस्थितियों की प्रतीक्षा करने की आवश्यकता नहीं है उसके लिए अपने सोचने का तरीका बदल देने और तालमेल बिठाते हुए सौम्य और शांत स्तर जीवनयापन करने की कला सीखने और अभ्यास करने से ही काम चल सकता है।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# परमाणु संपन्न देशों के वैश्विक सिरमौर बनने के खतरनाक मंसूबे

आज पूरा वैश्विक परिदृश्य और पृथ्वी परमाणु युद्ध के ज्वालामुखी पर बैठी हुई है । परमाणु संपन्न देशों के तमाम शासक और हुक्मरान अपनी राजनैतिक आकांक्षाएं, मंसूबे और सनक को पूरा करने के लिए एक दूसरे के रक्त के प्यासे बने हुए हैं। परमाणु संपन्न देशों में चीन, रूस और नॉर्थ कोरिया ऐसे देश हैं जिनकी बागडोर सनकी तानाशाह प्रशासकों के हाथों में है और ये देश अपनी विस्तारवादी महत्वाकांक्षा और सनक के चलते परमाणु हथियार का इस्तेमाल करने से नहीं चूकेंगे। इतिहास गवाह है- की सनकी प्रशासकों से हमेशा मानवता और शांति को युद्ध और हिंसा का खतरा बना रहता आया है। अमेरिका ने द्वितीय विश्व युद्ध में नागासाकी तथा हिरोशिमा में युद्ध की सनक में परमाणु बम से हमला कर लाखों लोगों को मौत के मुंह में भेज दिया था इसके अलावा परमाणु हथियारों के उपयोग से पैदा हुए विकिरण से आज भी जापान में बच्चों पर अप्राकृतिक प्रभाव दिखाई देतें हैं। इधर हम यदि उत्तर कोरिया के सनकी शासक किम योंग की बात करें तो वर्ष 2022 की शुरुआत के बाद से उत्तर कोरिया ने 100 से अधिक हथियारों के परीक्षण किए हैं विशेष तौर पर कुछ अमेरिकी मुख्य भूमि और उनके खास सामरिक सहयोगी दक्षिण कोरिया और जापान पर हमला करने के लिए डिजाइन की हुई परमाणु मिसाइल भी शामिल हैं। उत्तर कोरिया अमेरिका को लक्ष्य बनाकर क्रूज मिसाइल का प्रक्षेपण भी करता आ रहा है। रूस और यूक्रेन युद्ध के दौरान भारी तबाही का मंजर तो सामने आ ही गया है इसके अलावा यूक्रेन की अमेरिकी तथा नाटो देशों की मदद से नाराज होकर रूस स्पष्ट तौर पर परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की सार्वजनिक धमकी कई बार दे चुका है, उल्लेखनीय है कि रूस यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन को जितना जान माल का नुकसान हुआ है उसके बराबर भी रूस में सामरिक हथियारों और सैनिकों की जाने गई हैं। रूस को इस बात का जरा भी अंदाजा नहीं था कि यूक्रेन इतने दिन तक युद्ध को खींच सकता है। इन परिस्थितियों के परिणाम स्वरूप और वहां के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कभी भी अपनी सनक के चलते परमाणु बमों से हमला भी कर सकता है। चीन और ताइवान विवाद में भी चीन के तानाशाह शी जिनपिंग अपनी विस्तारवादी महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए और अमेरिका के परोक्ष रूप से ताइवान की मदद के कारण नाराजगी के चलते ताइवान पर कभी भी हमला कर सकता है। स्पष्ट है कि रूस, चीन और उत्तर कोरिया तीनों परमाणुसंपन्न देश अमेरिका के सबसे बड़े और कट्टर दुश्मन नई परिस्थितियों में बन चुके हैं। और यह भी खुला और सर्वविदित तथ्य है अमेरिका के राष्ट्रपति वहां की जनता तथा राजनीतिक पार्टियों के दबाव में विश्व का सुप्रीमो बने रहने के चलते युद्ध मेनिया पर सवार रहता है, विश्व में अमेरिका को सर्वशक्तिमान बनाए रखने के चलते अमेरिका को चीन, रूस और उत्तर कोरिया फूटी आंखों नहीं अच्छे लगते हैं।

**संजीव ठाकुर**

मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना का शुभारंभ, चयनित युवाओं को किया गया अनुबंध पत्र का वितरण

# बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त कर हुनरमंद बने प्रशिक्षणार्थी : कलेक्टर



**पन्ना, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के जरिए युवाओं को प्रशिक्षण के साथ आगे बढ़ने का बेहतर अवसर मिलेगा। योजना में चयनित युवाओं को गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर हुनरमंद बनना चाहिए। यह योजना काम सीखते हुए आर्थिक रूप से सशक्त बनने का माध्यम भी है। इससे कैरियर के नये द्वार भी खुलेंगे। यह बात कलेक्टर हरजिंदर सिंह ने मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के शुभारंभ अवसर पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने चयनित युवाओं को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए संवाद भी किया। कलेक्टर ने कहा कि विभिन्न उद्योगों को कौशल में दक्ष मानव संसाधन की आवश्यकता है। यह योजना निश्चित ही इसके लिए मददगार साबित होगी। इस अभिनव योजना में युवाओं को कौशल सीखने के साथ ही पैसे कमाने का अवसर भी मिलेगा। मुख्यमंत्री की मंशानुसार योजना के माध्यम से युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर दिया गया है। योजना के तहत प्रशिक्षणार्थियों को 75 प्रतिशत राशि शासन द्वारा और 25 प्रतिशत राशि नियोक्ता द्वारा प्रदान की जाएगी।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में युवाओं में सॉफ्ट स्किल, टेक्निकल स्किल, डिजिटल स्किल और लाइफस्किल की महती आवश्यकता है। इस योजना में चयनित युवाओं द्वारा अच्छे तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त करने पर संस्था में जॉब की संभावना भी बढ़ेगी। कलेक्टर ने कहा कि भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का ग्लोबल स्किल पार्क भी निर्माणाधीन है। भविष्य में इसके माध्यम से भी युवाओं को वर्ल्ड क्लास ट्रेनिंग की सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने मध्यप्रदेश कौशल विकास परियोजना में परियोजना संचालक पद पर पदस्थी के दौरान योजना के क्रियान्यवन के लिए किए गए प्रयासों की जानकारी से अवगत कराया।

नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय ने सभी युवाओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य प्राप्ति का प्रयास करने की बात कही। जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव ने चयनित युवाओं से पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी के साथ काम करने की अपेक्षा की। जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय ने युवाओं से अधिकाधिक संख्या में योजना में अपनी रूचि अनुसार पंजीयन कराने और प्रचार-प्रसार के लिए कहा। शासकीय आईटीआई पन्ना के प्राचार्य एवं नोडल अधिकरी राजेश कुमार पटेल ने योजना के बारे में संक्षिप्त विवरण देते हुए बताया कि योजना अंतर्गत विगत 15 जून से नियोक्ता और युवाओं के पोर्टल पर पंजीयन शुरू किए गए थे। अब तक 142 युवाओं के अनुबंध स्वीकार किए गए हैं। उन्होंने जिले के लिए क्रिएट वेकेंसी की जानकारी भी दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री चौहान के मुख्य आतिथ्य में भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का उपस्थितजनों ने सीधा प्रसारण भी देखा। कार्यक्रम में महाप्रबंधक उद्योग राहुल दुबे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी तथा प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शासकीय आईटीआई गुनौर के चन्द्रशेखर द्विवेदी द्वारा किया गया।

खोरा का मिली शासकीय महाविद्यालय की सौगात

## कैबिनेट मंत्री ने मुख्यमंत्री का माना आभार

**पन्ना, देशबन्धु।** खनिज साधन एवं श्रम मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने ग्राम पंचायत खोरा में शासकीय महाविद्यालय की स्वीकृति प्रदान किए जाने पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद देते हुए आभार माना है। श्री सिंह ने कहा कि महाविद्यालय खुलने से छात्रों को पढ़ने जाने के लिए अधिक दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी, साथ ही इस क्षेत्र का शिक्षा का ग्राफ भी तेजी से बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा मनुष्य के सोचने समझने की शक्ति में वृद्धि करती है। खोरा में महाविद्यालय खुलने से यहाँ के सैकड़ों विद्यार्थी लाभान्वित होंगे।

## मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत, मतदाता जागरूकता का शपथ ग्रहण कराया



**सागर, देशबन्धु।** बंडा विकासखंड में जनपद कार्यालय में मंगलवार को जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीसी शर्मा ने स्व सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शपथ ग्रहण कराया। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि गांव के सभी वयस्क मतदाता स्त्री, पुरुष और युवा मतदाता आगामी विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान कर अपने इस अधिकार का उपयोग करें। संविधान के द्वारा प्रदत्त मतदान का अधिकार सभी का मौलिक अधिकार है इसमें सभी की भागीदारी होनी चाहिए। उन्होंने समूह की महिलाओं से कहा कि बैठकों के दौरान वह इस विषय पर प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक करें। इस दौरान प्रतिष्ठा जैन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, गोपाल पटेल विकासखंड प्रबंधक और स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

खनिज मंत्री के विशेष प्रयास से मिली सौगातें

## डायमंड पार्क स्थापना के लिए राशि आवंटित



**पन्ना, देशबन्धु।** खनिज साधन एवं श्रम मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह के विशेष प्रयास से जिले को छः विकास कार्यों की सौगात मिली है। खनिज साधन विभाग के डीएमएफ मद से सभी कार्य स्वीकृत किए गए हैं। जिसके तहत पन्ना नगर में पानी की सुलभ उपलब्धता के लिए कटरा डैम से लोकपाल सागर तक 6 किलोमीटर और निरपत सागर से पहाड़कोठी तक पाइपलाइन बिछाने का कार्य शीघ्र शुरू होगा। इसके लिए तीन करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत की गई है।

इसी तरह पन्ना विधानसभा अंतर्गत विभिन्न मजरा टोलों में 12 करोड़ 73 लाख की राशि से विद्युतीकरण का कार्य किया जाएगा। शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय के खेल मैदान को सुरक्षित और संरक्षित रखने के लिए बाउण्ड्रीवाल निर्माण के लिए 8 लाख रूपए राशि की स्वीकृति भी प्रदान की गई है। इसके अलावा अजयपाल पर्यटन स्थल के पहुंचमार्ग की सड़क चौड़ीकरण निर्माण कार्य के लिए 6 करोड़ रूपए तथा खनिज कार्यालय पन्ना के सामने स्थित शासकीय भूमि पर हीरा कार्यालय भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ 41 लाख की स्वीकृति भी प्रदान की गई है। पन्ना जिले में डायमण्ड पार्क स्थापना के लिए 3 करोड़ 98 लाख रूपए राशि का आवंटन भी किया गया है।

## यूपी के विधायक सोनकर ने स्थानीय कार्यकर्तओं की ली बैठक



**मालथौन, देशबन्धु।** उत्तर प्रदेश से आए विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने खुरई विधानसभा क्षेत्र के मालथौन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं शक्ति केन्द्र प्रभारियों के साथ बैठक ली। भाजपा द्वारा विधायको की व पार्टी नब्ज टटोलने के लिए दूसरे राज्यो के विधायकों को प्रदेश में भेजा हैं। राहुल बच्चा सोनकर ने विधानसभा क्षेत्र खुरई के मालथौन, बरोदिया कलां में स्थानीय जनप्रतिनिधि और बूथ शक्ति केंद्र के प्रभारियों की बैठक लेकर उनसे चर्चा की।

## पंचायतकर्मियों की कलेक्टर से की शिकायत



**छतरपुर।** बिजावर तहसील क्षेत्र के ग्राम नदगांय बट्टन निवासी हरिचरन यादव ने मंगलवार को जनसुनवाई में आवेदन देकर पंचायतकर्मियों पर गांव में नवीन खेत तालाब का निर्माण कार्य कराए बगैर राशि निकालने के आरोप लगाए हैं। हरिचरन के मुताबिक गांव के सूंड़ा हार में 14 लाख 47 हजार रुपए की लागत से खेत तालाब का निर्माण कराया जाना था लेकिन पंचायतकर्मियों ने कार्य कराए बगैर 7 लाख 74 हजार रुपए आहरित कर लिए। मौके ?पर सिर्फ एक नाली खोदी गई है।

इतना ही नहीं उपयंत्री द्वारा कार्य का मूल्यांकन नहीं किया गया लेकिन पंचायत के द्वारा 5 लाख 58 हजार 294 रुपए का मूल्यांकन कर दिया गया। हरिचरन ने यह भी आरोप लगाए हैं कि पंचायकर्मियों द्वारा प्रधान मंत्री आवास योजना के कार्य में भी भ्रष्टाचार किया जा रहा है। उसके मुताबिक पंचायतकर्मियों ने एक पुराने मकान की फोटो पोर्टल पर अपलोड कर 1 लाख 50 हजार रुपए निकाले हैं, जिसकी जांच जपं सीईओ ने करवाई थी और आरोप सही पाए गए थे लेकिन इस मामले में भी कोई कार्यवाही नहीं की गई है। कलेक्टर को आवेदन देकर हरिचरन ने कार्यवाही की मांग की है।

## ईव्हीएम व्हीव्हीपेट के प्रति जन जागरूकता जारी




**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के निर्देश पर विधानसभा निर्वाचन प्रक्रिया में मतदान हेतु उपयोग की जाने वाली ईव्हीएम व्हीव्हीपेट की कार्यप्रणाली से आम मतदाताओं को अवगत कराने के उद्देश्य से जन जागरूकता प्रदर्शन जारी है। कलेक्टर कार्यालय की कक्ष क्रमांक 7 में दो-दो ईव्हीएम व व्हीव्हीपेट का प्रदर्शन किया जा रहा है। यहां तैनात कर्मचारियों के द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में आने वाले नागरिकों को ईव्हीएम मशीनों की कार्यप्रणाली की जानकारी दी जा रही है। इस दौरान आम नागरिक ईव्हीएम मशीन में कैसे मतदान करना है, का भी नमूने के तौर पर प्रयोग कर रहे हैं। इसके लिए बकायदा तैनात कर्मचारियों के द्वारा कंट्रोल यूनिट के द्वारा प्रदर्शन हेतु वोट रिलीज की जाती है।

मतदाता द्वारा व्हीव्हीपेट पर उंगली से दबाने के उपरांत ईव्हीएम मशीन के परिदृश्य पर मतदाता द्वारा किसको मतदान किया गया है, बकायदा प्रदर्शन होता है। जिसे मतदाता स्पष्ट रूप से अवलोकन कर सकते हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में विधानसभा स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण कार्यालय में भी ईव्हीएम व्हीव्हीपेट के प्रति जन जागरूकता कैंपेन के माध्यम से आम मतदाताओं को विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

## 25 अगस्त को अधिकारी कर्मचारी रहेंगे एक दिन के सामूहिक अवकाश पर



**सागर, देशबन्धु।** शासकीय अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर पुरानी पेंशन बहाली, नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता, पदोन्नति, स्वास्थ्य बीमा, लिपिक संघ की वेतन विसंगति, सीपीसी एवं अस्थाईकर्मियों को नियमित करना, दैनिक वेतनभोगियों को स्थायी कर नियमित करना, निगम मंडल के कर्मचारियों की समस्याएं एवं शेष रह गए दैनिक वेतनभोगियों को नियमित करना सहित अन्य 39 सूत्रीय ज्वलंत मांगो के निराकरण हेतु शुक्रवार को समूचे प्रदेश के साथ सागर जिले में भी अधिकारी कर्मचारी अपनी जायज मांगो के समर्थन में एक दिन के सामूहिक अवकाश पर रहकर सभा आयोजित कर विरोध प्रदर्शन करेंगे। संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष चूरामन रैकवार एवं जिला संयोजक आलोक गुप्ता ने अपने संयुक्त बयान में बताया कि 25 अगस्त के सामूहिक अवकाश को शत प्रतिशत सफल बनाने मोर्चा की आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित लघु वेतन कर्मचारी संघ के कार्यालय में आयोजित की गई। लगभग 45 अधिकारी कर्मचारी संगठनों के अध्यक्षो ने अपने हितों की रक्षा के लिए संकल्प लिया कि वे अपने-अपने विभागों में डोर-टू-डोर जाकर सभी अधिकारियों कर्मचारियों से एक दिवस का सामूहिक अवकाश आवेदन फॉर्म भरवाकर विभाग प्रमुख को सौपेंगे तथा अपनी एकजुटता का संदेश शासन को देंगे।

बच्चे बोले - शिक्षक नहीं कराते अध्यापन कार्य

## ग्रामीणों ने कलेक्टर से की शिक्षकों की शिकायत



**छतरपुर, देशबन्धु।** मंगलवार को ग्राम श्यामरा से कलेक्टर की जनसुनवाई में आए ग्रामीणों और स्कूली छात्र-छात्राओं ने बताया कि गांव के विद्यालय में पदस्थ शिक्षकों द्वारा विद्यालय में अध्यापन कार्य नहीं कराया जाता है। शिक्षक सिर्फ खानापूर्ति करने के लिए विद्यालय आते हैं और समय पूरा होने के बाद वापिस चले जाते हैं। ग्रामीण रमेश अहिरवार ने बताया कि विद्यालय की कक्षा 5वीं में पढने् वाले छात्र-छात्राओं को गिनती-पहाड़ी और व्यंजनमाला तक नहीं आती, ऐसे में उनके बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है, जिसके जिम्मेदार विद्यालय के शिक्षक हैं। वहीं एक छात्र सौरभ ने आरोप लगाया कि विद्यालय के शिक्षक पढ़ाते नहीं हैं। कई बार शिक्षकों के द्वारा बच्चों को दुकान पर भेजकर गुटखा मंगाया जाता है। शिक्षक स्कूल में समय बिताकर वापिस चले जाते हैं। इसके अलावा विद्यालय के पंखे भी खराब पड़े हैं जिससे बच्चों को परेशानी होती है। कलेक्टर को आवेदन देकर ग्रामीणों और छात्र-छात्राओं ने व्यवस्था में सुधार कराने की मांग की है।

## मोक्ष की प्राप्ति होना जीवन का सार्थक होना है- मुनि विनिशोध सागर

**बकस्वाहा।** नगर में पधारे जैन संत विराग सागर महराज के शिष्य विनिश्चल सागर और विनिशोध सागर का मंगल चातुमार्स पार्श्वनाथ दिगंबर जैन छोटा मंदिर मे चल रहा है। चातुमार्स के दौरान अपने प्रवचन में मुनि विनिशोध सागर ने मुकुट सप्तमी का महत्व बताया। उन्होंने बताया कि श्रावण शुक्ल सप्तमी के दिन 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ को मोक्ष की प्राप्ति हुई थी, इसलिए इस दिन को उनके मोक्ष कल्याणक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन मोक्ष सप्तमी महोत्सव भी आयोजित किया जाता है। मुकुट सप्तमी का महत्व बताकर मुनि श्री ने कहा कि मोक्ष की प्राप्ति होना जीवन का सार्थक होना माना जाता है। जब तक मनुष्य इस संसार में जीवित है तब तक उसे कोई न कोई चिंता जरूर सताती है और ऐसे में मोक्ष का कोई अर्थ नहीं रह जाता, लेकिन जब किसी को पूर्णतया मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है तो उसके जीवन का अर्थ सार्थक हो जाता है। विद्यालय केसंविलियन में आनाकानी

## जनसुनवाई में आवेदन देकर पंचायत के आधीन किए गए विद्यालय की संविलियन प्रकिया पूर्ण कराने की मांग

**छतरपुर।** नौगांव विकासखंड अंतर्गत आने वाले लुगासी गांव में स्थित महाराजा छत्रसाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों ने मंगलवार को जिला मुख्यालय पर जनसुनवाई में आवेदन देकर पंचायत के आधीन किए गए विद्यालय की संविलियन प्रकिया पूर्ण कराने की मांग की है। ग्रामीण राहुल अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेशों की शर्तों के अधीन अशासकीय अनुदान प्राप्त महाराजा छत्रसाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लुगासी की समस्त चल-अचल सम्पत्ति को जिला पंचायत के अधीन करते हुये प्रशासकीय नियंत्रण मे किया गया था लेकिन इसके बाद विद्यालय के संविलियन की कार्यवाही आज तक पूरी नही की गई है। हालांकि जिला शिक्षा अधिकारी एम.के. कौटार्य ने ग्रामीणों के इस प्रदर्शन पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि पहले उन्हें मामले की जानकारी दी जानी चाहिए थी और जब वे कार्यवाही न करते तब बच्चों को प्रदर्शन के लिए लाना चाहिए था। उन्होंने कार्यवाही का भरोसा ग्रामीणों को दिया है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**चंद्रयान-3 चन्द्रमा पर उतरने....** जांच से गुजरना होगा और निर्दिष्ट लैंडिंग स्थल पर सूर्योदय का इंतजार करना होगा। इसरो, लैंडिंग साइट की पहचान करने के बाद, बुधवार शाम को चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित लैंडिंग सुनिश्चित करने के लिए सटीक ब्रेकिंग तकनीक का प्रदर्शन करेगा। उल्लेखनीय है कि चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान को 14 जुलाई को इसरो के सबसे भारी प्रक्षेपण यान एलवीएम 3-एम4 द्वारा सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया था। लगभग 16 मिनट की उड़ान अवधि के बाद, इसे 36,500 किमी गुणा 170 किमी की अण्डाकार पार्किंग कक्षा में प्रविष्ट किया गया। चंद्रयान-3 को कक्षा में प्रवेश करने से इसकी 42 दिन की यात्रा समाप्त हो गई।

**ब्रिक्स सम्मेलन में हिस्सा लेने....** गणराज्य का दौरा कर रहा हूं। ब्रिक्स विभिन्न क्षेत्रों में एक मजबूत सहयोग एजेंडा अपना रहा है।' उन्होंने आगे कहा, 'हम मानते हैं कि ब्रिक्स विकास की अनिवार्यताओं और बहुपक्षीय सिस्टम में सुधार सहित पूरे वैश्विक दक्षिण के लिए चिंता के मुद्दों पर चर्चा और विचार-विमर्श करने का एक मंच बन गया है।' उन्होंने कहा कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन ब्रिक्स को सहयोग के भविष्य के क्षेत्रों की पहचान करने और संस्थागत विकास की समीक्षा करने का एक उपयोगी अवसर प्रदान करेगा। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 22-24 अगस्त के बीच ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद प्रधानमंत्री 25 अगस्त को ग्रीस का भी दौरा करेंगे।

**कांग्रेस सरकार बनने पर....** हैं और केंद्र में नौ साल से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री हैं। मगर, उन्हें कभी संत रविदास की याद नहीं आई। अब चुनाव हैं, उन्हें संत रविदास याद आ रहे हैं। अपनी बात आगे बढ़ते हुए खड़गे ने कहा, मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री का मकसद सागर में किसी संस्थान को बनाना नहीं है, बल्कि वोट कैसे खीचें जाएं, यह उनकी कोशिश का हिस्सा है। उन्होंने वादा किया कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर संत रविदास के नाम पर विश्वविद्यालय बनाया जाएगा।कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे ने संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर और संत रविदास की जन्मभूमि का जिक्र करते हुए केंद्र सरकार पर हमला किया और कहा कि चंद लोग संविधान को बदलने की कोशिश कर रहे हैं। मगर, यह हो ही नहीं सकता, क्योंकि देश की 140 करोड़ लोग उसके संरक्षण में जिंदा हैं, सपोर्ट करते हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे ने वादा किया कि राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने पर जातीय जनगणना कराई जाएगी। ऐसा करने से यह पता चल सकेगा, कौन-कौन पिछड़े और गरीब हैं, कितने लोग भूमिहीन हैं और उनका विकास कैसे किया जाए। खड़गे ने केंद्र और राज्य की सरकार को जनविरोधी बताया। साथ ही कहा कि चुनाव आते हैं तो यह वोट पाने के लिए कुछ भी करने लगते हैं। मध्य प्रदेश हर मामले में पिछड़ा हुआ है और यहां जो सरकार है, वह विधायकों की चोरी करके बनाई गई है। भाजपा ने हमारे हमारे विधायक चुराकर मध्य प्रदेश में सरकार बनाई है। ये नाजायज सरकार है। उन्होंने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ को नाथ बताया और कहा कि कमल तो भाजपा का है, मगर नाथ हमारे हैं।कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि इन्होंने सागर में मंदिर बनाने का वादा किया, लेकिन दिल्ली में 14 अगस्त 2019 को बुलडोजर चलाकर रविवास मंदिर तोड़ दिया। ये लोग ऐसे हैं कि मुख में राम बगल में छुरी। बाबा साहब, रविदास का नाम किसी मकसद से लेते हैं। रविदास जी कहते थे कि किसी की पूजा इसलिए नहीं करो कि वह ऊंचे पद पर है। **ये रहे उपस्थित....** जिला ग्रामीण अध्यक्ष डॉ आनंद अहिरवार, शिव भाटिया, सपकाल विधायक हर्ष यादव, तरवर लोधी, सहित कांग्रेस पूर्व विधायक सुनील जैन, प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी, शारदा खटीक, रेखा चौधरी अमित रामजी दुबे, प्रवक्ता अभिषेक गौर, प्रशांत समेया, राहुल चौबे, प्रभारी अवनीश भार्गव, अंजु बघेल सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

**हम 53 साल का हिसाब देने....** कहा कि आजादी के बाद यहां सूई तक नहीं बनती थी, खाने के लिए काफी अन्न बाहर से आता था। लॉ ऑर्डर खराब था, बड़ी डाकू समस्या थी, सड़कें नाममात्र थीं, लेकिन कांग्रेस ने काम किया। उन्होंने पूछा कि भिलाई स्टील प्लांट संयुक्त मध्यप्रदेश में किसने बनाया था, इंदिरा सागर बांध किसने बनाया, आईआईटी इंदौर और आईआईएम इंदौर किसने बनाया, एम्स भोपाल में किसने बनवाया? मौलाना आजाद नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी किसने बनाया, रानी लक्ष्मीबाई इंस्टीट्यूट ग्वालियर किसने बनाया, चंबल घाटी प्रोजेक्ट किसकी देन है, कांग्रेस की। श्री खड़गे ने कहा कि कांग्रेस की यह सूची बहुत लंबी है। चंद बातें मैं बता रहा हूं, रेलवे और केंद्र के दूसरे महकमों में और राज्य सरकार में बहुत काम हुआ। पंडित रविशंकर शुक्लजी से लेकर कांग्रेस के मुख्यमंत्रियों के कार्यकाल का जिक्र इस दौरान किया। श्री खड़गे ने कहा कि कमलनाथ सरकार ने 27 लाख किसानों का कर्ज माफ किया, पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया, सौ यूनिट बिजली सौ रुपए में दी, बुजुर्गो, विकलांगों और दूसरी श्रेणी की पेंशन में 4 गुना बढोत्तरी की, कन्या विवाह राशि 28 हजार से बढ़ाकर 51 हजार किया, युवाओं के रोजगार और निवेश पर जोर दिया।

**चुनाव के 5 माह पहले आई....** की और खासतौर से सागर जिले की जनता से अपील करूंगा कि शांत रहकर बदहाल स्थिति और जनता पर किए गए सारे अत्याचार को मतदान से भाजपा की रवानगी के साथ सुनिश्चित करिए।

**पेंशनरों, पुलिस कर्मियों और....** इसका लाभ देने का फैसला लिया गया है। महंगाई राहत वृद्धि से लगभग सरकार के खजाने में 410 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार संभावित है। इसे 1 जुलाई 2023 से लागू किया जाएगा। इससे करीब साढ़े 4 लाख पेंशनर्स को लाभ मिलेगा। पेंशन में हर महीने न्यूनतम 4 सौ रुपए से अधिकतम 45 सौ रुपए तक का लाभ मिलेगा।

**नक्सली पुनर्वास राहत नीति....** सहायता योजना का लाभ भी दिया जाएगा। राज्य मंत्रिमंडल ने इसके अलावा बैतूल जिले की आमला तहसील को राजस्व अनुविभाग बनाने को मंजूदी दी है। जबकि पार्वती जलाशय को उत्कृष्ट मत्स्य केंद्र के रूप में विकसित करने सहित अन्य विषयों पर विचार करने का फैसला किया है।


**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम Vimal Jeet Chhabra था। वर्तमान में मेरा नाम Ismeet Kour हो गया है। अब मुझे Ismeet Kour के नाम से ही लिखा पढ़ा व जाना जावें।

Ismeet Kour
Ward No.13 Adinath
Ward Makronia Muhal
SAGAR (M.P.) 470004


## द्वारिका जा रहे तीर्थ यात्रियों को शुभकामनाएं देकर नपाध्यक्ष ने किया रवाना

छतरपुर। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना तहत छतरपुर जिले से दो सैकड़ा तीर्थ यात्री मंगलवार की शाम को विशेष ट्रेन से द्वारिका के लिए रवाना हुए। रवाना होने से पहले छतरपुर नगर पालिका कार्यालय में सभी तीर्थ यात्रियों को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती ज्योति सुरेन्द्र चौरिसया ने पुष्पहार पहनाए और तिलक लगाकर यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही सभी तीर्थ यात्रियों को नगर पालिका की ओर से लंच बॉक्स तथा पानी की बोतल भी दी गई। नपाध्यक्ष ने इस अवसर पर कहा कि उक्त सभी तीर्थ यात्रियों को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना तहत द्वारिका की यात्रा पर रवाना किया गया है। नपाध्यक्ष ने बताया कि छतरपुर शहर से करीब तीन दर्जन यात्रियों का चयन किया गया था जिन्हें शुभकामनाएं देकर रवाना किया जा रहा है।


**कार्यालय नगर परिषद कर्रापुर जिला सागर (म.प्र.)**

E-mail-cmokarrapur@mpurban.gov.in

क्रमांक/न.प./रा.वि./2023-870 कर्रापुर, दिनांक 22.08.2023

**सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न आवेदकों द्वारा भवन/भूमि पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किये गये है, एत एवं जिस किसी व्यक्ति को उक्त भवन नामांतरण के संबंध में आपत्ति हो वह विज्ञप्ति के प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति ठोस साक्ष्यों के सहित कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है निर्धारित तिथि के पश्चात एवं बिना ठोस दस्तावेजों के अभाव में प्रस्तुत की जाने वाली आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र. | वार्ड | भवन/भूमि | हस्तांतरणकर्ता का नाम एवं पता | जिसके नाम से नामांतरण किया जाना है उसका नाम एवं पता | हक हस्तांतरण का दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 10 | भवन | रामशंकर उपाध्याय पिता शालिगराम उपाध्याय | 1. अवधेश पिता उमाशंकर उपाध्याय<br>2. जयश्री पति अवधेश उपाध्याय | 1. वसीयतनामा<br>2. अनु.वि.अधि. का आदेश पत्र |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद कर्रापुर जिला सागर म.प्र.**

### सीएम राइज स्कूल खरगापुर में लोकायुक्त पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# पीटीआई, प्रभारी लिपिक 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** सागर लोकायुक्त ने सीएम राइज शासकीय बालक उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय खरगापुर में मंगलवार को दबिश देकर प्रभारी लिपिक को 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया है। जानकारी अनुसार अतिथि शिक्षक वर्ग 1 की जून-जुलाई माह की उपस्थिति पंजी पर हस्ताक्षर करने के एवज में सीएम राइज शासकीय बालक उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय खरगापुर के पीटीआई, प्रभारी लिपिक अरुण कुमार जैन ने 10 हजार रुपये मांग की थी, जिसके बाद उसे 5 हजार रुपये लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। मामले की जानकारी देते हुए लोकायुक्त डीएसपी मंजू सिंह ने बताया कि शिकायकर्ता देवी दयाल साहू अतिथि शिक्षक वर्ग 1 के पद पर पदस्थ है। उनके द्वारा शिकायत की गई थी कि जून-जुलाई माह 2023 की उपस्थिति पंजी पर हस्ताक्षर करने के एवज में सीएम राइज स्कूल में पदस्थ पीटीआई, प्रभारी लिपिक अरुण कुमार जैन 10 हजार रुपए की रिश्वत की मांग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इस समय जिले के सरकारी विभागों के जिम्मेवार अधिकारियों के संरक्षण में बाबू के द्वारा रिश्वत की खुली दुकान चला रहे हैं। भ्रष्टाचार को रोकने के लिए लगातार लोकायुक्त पुलिस के द्वारा कार्यवाही की जा रही है, बावजूद इसके अधिकारी और कर्मचारी रिश्वत लेने से बाज नहीं आ रहे हैं। प्रदेश में आए दिन हो रही लोकायुक्त की कार्यवाही के बाद भी भ्रष्ट अधिकारी और कर्मचारियों के हौसले बुलंद है। कार्रवाई के दौरान डीएसपी मंजू सिंह, निरीक्षक अभिषेक वर्मा, रणजीत सिंह, प्रधान आरक्षक महेश हजारी, सुरेंद्र प्रताप सिंह, आशुतोष व्यास, निलेश पांडे मौजूद रहे।

### जनपद की जमीन पर धड़ल्ले से बनाई जा रहीं दुकाने, कलेक्टर की पत्रकारों से रहस्यमयी दूरी

# नगर परिषद की हठधर्मिता के आगे तहसीलदार की रोक बेअसर





**अखंड यादव**

**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** नगर में स्थित तहसील और एसडीएम कार्यालय से महज चंद कदमों की दूरी पर तहसीलदार द्वारा जारी किए गए स्टे आदेश की नगर परिषद द्वारा खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। तहसीलदार से लेकर एसडीएम और थाना प्रभारी तक नगर परिषद के कर्मचारियों और ठेकेदार पर कार्यवाही करने से कतरा रहे हैं। इस विषय में कलेक्टर अवधेश शर्मा से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उनकी पत्रकारों से रहस्यमयी दूरी बनी हुई है। वह किसी भी बिषय पर पत्रकारों से फोन पर चर्चा करने से कतराते नजर आ रहे हैं। अधिकांश फोन तो वह रिसीव ही नहीं करते। सहायक जनसंपर्क अधिकारी सुश्री शैफाली तिवारी द्वारा भी कलेक्टर से बात कराने के नाम पर गुमराह किया जा रहा है। यहां इस बात का उल्लेख करना भी आवश्यक है कि बल्देवगढ़ नगर परिषद अध्यक्षा के पति विश्व दीपक मिश्रा की सहायक जनसंपर्क अधिकारी सुश्री शैफाली तिवारी से नजदीकी रिश्तेदारी है। नगर परिषद द्वारा जनपद कार्यालय एवं तहसील एसडीएम कार्यालय की जमीन पर अतिक्रमण कर दुकानों का निर्माण किया जा रहा है। इस निर्माण पर 17 अगस्त को न्यायालय तहसीलदार द्वारा आदेश जारी कर निर्माण कार्य पर रोक लगाते हुए थाना प्रभारी को आदेश भेजकर काम बंद करवाने कहा गया था। इसके बाद भी बल्देवगढ़ नगर परिषद के कर्मचारियों और संबंधित ठेकेदार अपनी मनमानी और तानाशाही एवं दबंगी के साथ न्यायालय तहसील के आदेश को हवा में उड़ा कर दुकानों का निर्माण किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जनपद पंचायत और तहसील कार्यालय के बाहर नगर परिषद द्वारा विभिन्न वार्डों में 80 लाख रुपए की लागत से सिद्धि कंट्रक्शन कंपनी से दुकानों का निर्माण किया जा रहा है। जिसके विरोध में जनपद अध्यक्ष उज्जवला रविंद्र सिंह बुंदेला द्वारा न्यायालय तहसील से स्टे लिया गया है। न्यायालय तहसीलदार द्वारा स्टे आदेश नगर परिषद सीएमओ को भेज कर दुकानों के निर्माण पर रोक लगाने के लिए आदेश किया था। स्टे आदेश में उल्लेख किया गया कि भूमि खसरा नंबर 1825/1 अनुविभागीय अधिकारी और तहसील कार्यालय एवं जनपद कार्यालय के नाम कंप्यूटर में दर्ज है। जिस जमीन पर नगर परिषद द्वारा दुकानों का निर्माण किया जा रहा है, जिससे तहसील व जनपद कार्यालय में आने वाले लोगों को परेशानी होगी और यातायात बाधित होगा इसलिए नगर परिषद द्वारा किए जा रहे दुकानों के निर्माण कार्य पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाती है। तहसीलदार जारी किए गए रोक आदेश के बाद भी दबंगी से ठेकेदार संदीप अवस्थी द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है।

### जनपद अध्यक्षा ने थाना प्रभारी को पत्र लिखकर मांगी सहायता

बल्देवगढ़ जनपद पंचायत अध्यक्ष उज्जवला रविंद्र सिंह बुंदेला ने थाना प्रभारी को लेटर पैड पर लिखकर नगर परिषद द्वारा निर्माण कराई जा रही दुकानों का काम रुकवाने की सहायता मांगी गई है। जनपद अध्यक्ष ने थाना प्रभारी को अवगत कराया है कि न्यायालय तहसीलदार द्वारा 17 अगस्त को जनपद कार्यालय के बाहर नगर पालिका द्वारा निर्माण कराई जा रही दुकानों पर स्टे का आदेश जारी किया गया है। न्यायालय तहसील के आदेश के बावजूद नगर परिषद द्वारा दबंगी के साथ दुकानों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों पर नियमानुसार कार्यवाही की जाए, लेकिन स्टे का उल्लंघन करते हुए नगर परिषद तथा ठेकेदार द्वारा नियमों की लगातार धज्जियां उड़ा रहे हैं।

### इनका कहना है

मुझे इस निर्माण के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है, इंजीनियर से बात कर लो। तहसील कार्यालय से स्टे आदेश आया था तो उसका जवाब बनाकर भेज दिया गया था।

**अरविंद कुमार तिवारी**
सीएमओ नगर परिषद बल्देवगढ़

### राज्य रोजगार गारंटी परिषद तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के आदेश दरकिनार

# मिट्टी के कार्यों पर रोक के बावजूद जारी किए लाखों के मस्टर

**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** जिला पंचायत सीईओ और जनपद सीईओ की तमाम कोशिशों के बाद भी महात्मा गांधी रोजगार गारंटी मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार थमने का नाम नहीं ले रहा है। कहीं मशीनों से काम कराया जा रहा है तो कहीं सरपंच और सचिव द्वारा नियमों के विपरीत जाकर फर्जी मस्टर रोल तैयार कर नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रहीं हैं। मामला बल्देवगढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत लमेरा और गोरा से निकल कर सामने आया है। जहां पर मध्य प्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद के आदेशों के विपरीत जाकर मिट्टी युक्त कार्य पर मास्टर जारी कर शासकीय राशि का बंदरबांट किया गया है। दरअसल मध्य प्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के पत्र क्रमांक 3190/एनआर 03/एफ 284/मनरेगा एमपी/2023 दिनांक 01/07/2023 में लेख किया गया है कि जून 2023 से 15 सितंबर 2023 तक मिट्टी के कार्य नहीं किया जावे ताकि इस कार्यों की गुणवत्ता एवं इन कार्यों पर किए गए व्यय की सार्थकता सुनिश्चित हो सके। वर्षा ऋतु में मिट्टी के कार्यों पर सितंबर 2023 तक रोक होने के बावजूद भी ग्राम पंचायत लमेरा और गोरा के सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक मिट्टी के कार्यों पर लाखों रुपए के मास्टर रोल जारी कर मध्य प्रदेश राज्य रोजगार गारंटी के नियमों की धज्जियां उड़ाई हैं और लाखों रुपए का बंदर बांट दिया गया है। इसकी जानकारी सेक्टर प्रभारी उपयंत्री से लेकर जनपद के तमाम अधिकारियों को होने के बाद भी इन पर कार्यवाही तो दूर जांच भी नहीं की जा रही है।



### जनपद सीईओ और सहायक यंत्री ने कही कार्यवाही की बात

वर्षा ऋतु में मिट्टी एवं तमाम कार्यों पर मध्य प्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद एवं जिला पंचायत टीकमगढ़ के द्वारा रोक लगाने के बाद भी ग्राम पंचायत लमेरा और गोरा के सचिव और रोजगार सहायक लाखों रुपए के मास्टर जारी कर सरकारी धन का बंदरबांट ठिकाने लगाया है। फिलहाल यह जानकारी लगते ही जनपद सीईओ और सहायक यंत्री ने जांच कर कार्यवाही करने की बात कही है।

# बालू का अवैध परिवहन करते हुए 2 महिंद्रा ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित जप्त



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा अवैध रेत परिवहन करने वालों पर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सासत्या एवं एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे के मार्गदर्शन में 22 अगस्त मंगलवार को थाना प्रभारी कुड़ीला को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि 02 लाल रंग के महिन्द्रा ट्रेक्टर मय ट्राली के अबैध रेत चोरी कर कहीं ले जाने की फिराक में है। मुखबिर सूचना की तस्दीक पर उक्त दोनो ट्रेक्टर मय ट्राली के अबैध रेत की चोरी कर परिवहन करते पाये जाने पर थाना हाजा पर अपराध क्रमांक 222/23 धारा 379 भादवि व अपराध क्रमांक 223/23 धारा 379 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर जप्त किए गए। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक बृजेन्द्र सिंह घोषी थाना प्रभारी कुड़ीला, उप निरीक्षक आर. एल. कौल, सहायक उप निरीक्षक जय सिंह राजपूत, प्रधान आरक्षक ऊदल सिंह, आरक्षक लक्ष्मण सिंह, आरक्षक नीरज पाल, आरक्षक जितेन्द्र सिंह, आरक्षक राम ओझा की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही ।

# ट्रक से गुम्मे उतारने के दौरान करंट लगने से मजदूर घायल

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** नगर में तहसील भवन का निर्माण कार्य पुलिस थाना के समीप चल रहा है। 22 अगस्त की सुबह करीब 10:30 बजे एक ट्रक से मजदूरों के द्वारा ईंटों (गुम्मों) को निकाला जा रहा था। उसी दौरान एक मजदूर युवक ट्रक पर चढ़कर ईटों को नीचे उतार रहा था। ऊपर से निकली बिजली की बढ़ी लाइन के सम्पर्क में आते ही युवक को करेंट लग गया। इस घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। अन्य मजदूरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। थाना प्रभारी नीरज लोधी ने तत्काल घायल युवक को 100 (डायल हंड्रेड) वाहन से जिला अस्पताल उपचार के लिए भेजा। 100 (डॉयल हंड्रेड) पुलिस वाहन के आरक्षक जगभान रजक व पायलेट राजीव संज्ञा ने बताया कि दिगौड़ा तहसील भवन के निर्माण में मजदूरी कर रहे युवक को बड़ी लाइन के सम्पर्क में आने से करेंट लग गया। घटना में युवक कोमल पिता भज्जू कुशवाहा गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद मजदूरों की सूचना पर 100 पुलिस ने घायल युवक को जिला अस्पताल भेजा, जहां युवक का उपचार किया जा रहा है।

# उप्र के पूर्व मंत्री व विधायक जयप्रकाश निशाद ने ली भाजपा की बैठक

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिला भाजपा कार्यालय में विधायक प्रवास के निमित्त आए उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री व विधायक जयप्रकाश निशाद ने जिले में भाजपा की बैठकें ली, व्यापारियों से मुलाकात की व घर-घर जनसंपर्क करते हुए सामाजिक व्यक्तियों से मुलाकात की। उन्होने नगर मंडल में सभी बूथ अध्यक्षों, संयोजकों, पालकों, पार्षदों व मोर्चा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक ली। पूर्व मंत्री व विधायक जयप्रकाश निशाद ने सबसे पहले सभी पदाधिकारियों की हाजिरी लेकर वन टू वन सभी से चर्चा की और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा राज्य व केंद्र सरकार की योजनाओं से गरीब, वंचित वर्ग को लाभ पहुंचा है और वह विकास की मुख्य धारा में भाजपा की सरकार में जुड़े हैं। इसी की बदौलत उन्हें भी सम्मान पूर्वक वैश्विक मंच प्राप्त हुआ है। हम उस भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं जिसके कार्यकर्ता देव तुल्य कहे जाते हैं, जो लोगों को जागरूक करके उन तक शासन की योजनाओं का लाभ दिलाते हैं। नगर मंडल की बैठक में सभी कार्यकर्ताओं को आने वाले चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए, सभी कार्यकर्ताओं की समस्याओं को हल किया जाएगा और सब साथ मिलकर ही भाजपा को पूर्ण बहुमत दिलवाएंगे। बैठक में मुख्य रूप से विधायक राकेश गिरी गोस्वामी, जिला महामंत्री भाजपा अश्विनी चढ़ार, जिला उपाध्यक्ष रीतेश भदौरा, बलवीर जोशी, जिला मंत्री शोभरन कुशवाहा, दामोदर जी, कोषाध्यक्ष व पार्षद मुन्नालाल साहू, विधानसभा विस्तारक शुभम सोनी, पूर्व महामंत्री प्रतेंद्र सिंघई, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष अनीश खान, नगर मंडल महामंत्री नरेश तिवारी, पंकज प्रजापति, महिला मोर्चा अध्यक्ष विभा श्रीवास्तव, जिला मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी, शक्ति राय, सूरज कड़ा, अशोक मेडी राय, प्रियंक चीकू यादव, महेश साहू, आनंद कुशवाहा, शिवचरण उटमालिया सहित बड़ी संख्या में नगर मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री चरण पादुका कार्यक्रम में हितग्राहियों को किया सम्मानित



**पलेरा,देशबन्धु।** जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत चरी में मुख्यमंत्री चरण पादुका कार्यक्रम के अंतर्गत तेंदूपत्ता संग्रह करने वाले हितग्राहियों को सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष महेश यादव सरपंच रामनगर बुजुर्ग, महेंद्र यादव सरपंच ग्राम पंचायत टपरियन चौहान, अभिलाषा यादव सरपंच ग्राम पंचायत चरी, वन विभाग डिप्टी रेंजर राजेश विक्रम प्रताप सिंह, राहुल सेन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुरुषों को जूते एवं पानी के लिए थरमस एवं महिलाओं को साड़ी चप्पल एवं छाता उपलब्ध कराया गया। उक्त कार्यक्रम में करीब 200 हितग्राहियों के बैंक खाते में राशि उपलब्ध कराई जा रही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राहुल वर्मा, संजय दीक्षित, सूर्य प्रताप परमार, पुष्पेंद्र बुंदेला आदि उपस्थित रहे।

### अवैध कच्ची शराब जप्त कर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

दिगौड़ा,देशबन्धु। थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए बिहारीपुरा तिगैला पर भाई के ढावा के पास एक युवक के कब्जे से अवैध देशी कच्ची शराब को जप्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34 आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस थाना से मिली जानकारी के अनुसार बिहारीपुरा तिगैला भाई के ढावा के पास एक युवक अपने घर के सामने प्लास्टिक की कुप्पी में शराब बेचने के लिए खड़ा हुआ था। पुलिस को देखते ही व्यक्ति ने भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस टीम ने घेराबंदी कर व्यक्ति को पकड़ कर उसके कब्जे से 5 लीटर अवैध देशी कच्ची महुआ से बनी हुई शराब को जप्त कर आरोपी नरेन्द्र राय उम्र 27 साल निवासी बिहारीपुरा तिगैला भाई का ढावा को गिरफ्तार किया गया। दिगौड़ा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34 आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी नीरज लोधी, प्रधान आरक्षक सादिक खान, मुकेश राय, प्रभू सिंह, आरक्षक हीरालाल, पंकज साहू व सलमान खान की अहम भूमिका रही।

# जन्म से नहीं, गुण और कर्म से होती है पहचान: प्रभु जी



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जन अभियान परिषद के माध्यम से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में जिला टीकमगढ़ में स्नेह यात्रा निकाली जा रही है। आज ग्राम पंचायत बेडरी, परा, टोरिया खास, बेला, लारोन, नया गाँव, बनने बुजुर्ग, देरी, छिदारी और धनेरा में हुआ। इस अवसर पर इस्कॉन मंदिर उज्जैन के श्रीपाद प्रभु प्रशांत नागर जी ने विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि समाज में जन्म से नहीं, गुण और कर्म से व्यक्ति से पहचाना जाता है। श्रीपाद सौम्या चेतन्य प्रभु जी ने कहा कि वंचित समाज की उन्नति में सभी सहयोगी बने। सभी समाजों को संगठित करने की जरूरत है। श्रीपाद श्याम दर्शन प्रभु जी ने कहा कि वंचित समाज को शिक्षित करने की आवश्यकता है तभी उनका विकास होगा। सभी स्नेह का वातावरण परिवार के साथ बनायें रखें। सभी का जीवन अमूल्य है, यह स्नेह यात्रा प्रेरणा समाज में समरसता के भाव की सकारात्मक सोच के साथ वंचित समाज का उत्थान करेंगी। मप्र जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ. सुनील कटियार ने यात्रा के सबंध विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि यह यात्रा प्रदेश के सभी जिलों में 16 से 26 अगस्त तक 11 दिनों तक सभी विकासखंडों से निकलेगी। इस यात्रा में विकासखंड समन्वयक ललित शर्मा, नवांकुर समितियां, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां पतंजलि आनंद प्रकाश दीक्षित, स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्राम पंचायत सरपंच, शिक्षक उपस्थित रहे। सन्तों का जगह-जगह पर स्वागत किया गया।

## सार समाचार

### पंडोखर बाबा के खिलाफ एसपी को ज्ञापन सौंपा



**दमोह देशबन्धु ।** पंडोखर धाम के गुरु शरण शर्मा के द्वारा लगातार दरबार लगाकर पर्चा बनाकर लोगों से पैसे येठने का काम किया जा रहा है बाबा पर आरोप पहले भी कई बार लग चुके हैं वही अबशब्द जातिगत अपमान करना आम बात हो गई है ऐसा ही एक ताजा मामला आया है जहां पर 14 अगस्त को एक सेन समाज का व्यक्ति पंडोखर धाम गुरु चरण शर्मा के पास अपनी समस्या का निराकरण करने के लिए पहुंचा था क्योंकि गुरु शरण शर्मा द्वारा परिचय पर लिखकर समस्या बताने का काम किया जाता है लेकिन कई बार पर्चा बनाने में गलत साबित हुए हैं सेन समाज के व्यक्ति के साथ पहले मुर्गा बनाया फिर थप्पड़ मारा फिर जातिगत नऊवा छक्का बार-बार कह कर अपमानित किया जिसे सेन समाज में आक्रोश लगातार सेन समाज के द्वारा पूरे मध्य प्रदेश में कार्रवाई को लेकर ज्ञापन दिए जा रहे हैं ऐसा ही आज देखने को मिला जहां पर सेन समाज ने भगवती मानव कल्याण संगठन दमोह के कार्यकर्ताओं के साथ दमोह पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है ।

### बूढ़ा अमरनाथ यात्रा के लिए बजरंगियों का जत्था रवाना



दमोह देशबन्धु। बाबा बूढ़ा अमरनाथ की साहसिक यात्रा जो डंके की चोट पर आतंकियों को चेतावनी देकर बजरंग दल के द्वारा प्रतिवर्ष की जाती है। इस वर्ष भी बजरंगदल के जिला संयोजक शम्भू विश्वकर्मा के नेतृत्व में दमोह जिला से अजय चौरसिया, दीपक लखेरा ,बालमुकुंद साहू, कोसल पटेल, शिवकुमार पटेल, रामकांत पटेल शोभलाल पटेल सभी बजरंगियों की टीम सुबह जम्मूतवी एक्सप्रेस से जम्मू के लिए बाबा बूढ़ा अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुई। दमोह से जिला विभाग के पदाधिकारी सभी बजरंगियों के उत्साह वर्धन के लिए स्टेशन पहुंचे और जय श्री राम के नारे लगाते हुए यात्रा को रवाना किया यात्रा में प्रांत के पदाधिकारियों का पुष्पमाला से दमोह स्टेशन पर स्वागत किया गया ।

यातायात व्यवस्था में किया बदलाव

# मुख्यमंत्री का रोड शो और आमसभा आज, प्रशासन ने की तैयारियां



**दमोह देशबन्धु।** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का दमोह शहर में 23 अगस्त 2023 को आगमन हो रहा है। दमोह शहर में रोड शो एवं आमसभा का कार्यक्रम निर्धारित है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी ने कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शहर में यातायात, मार्ग परिवर्तन एवं पार्किंग व्यवस्था निर्धारित की है।

उन्होंने बताया सागर, बटियागढ एवं हटा की ओर से मुख्य कार्यक्रम स्थल तहसील ग्राउंड की ओर आने वाली बसें हटा नाका तिराहा से बायपास होते हुए न्यू ओवर ब्रिज सागर नाका , पॉवर ग्रिड तिराहा, बालाकोट बायपास चौराहा, मारूताल बायपास चौराहा, जबलपुर नाका, बेलाताल तिराहा होते हुए व्हीआईपी रोड तहसील ग्राउंड के सामने सवारियां उतारकर के. एन. कॉलेज, नवजागृति स्कूल, जबलपुर नाका होते हुए पार्किंग स्थल पॉलीटेक्निक कॉलेज में बसें पार्क की जा सकेंगीं। कटनी एवं जबलपुर मार्ग से मुख्य कार्यक्रम स्थल तहसील ग्राउंड की ओर आने वाली बसें धरमपुरा बायपास से मारूताल बायपास चौराहा, जबलपुर नाका, बेलाताल तिराहा होते हुए व्हीआईपी रोड तहसील ग्राउंड के सामने सवारियां उतारकर के. एन. कॉलेज, नवजागृति स्कूल, जबलपुर नाका होते हुए पार्किंग स्थल पॉलीटेक्निक कॉलेज में बसें पार्क की जा सकेंगीं।

**सामान्य यातायात व्यवस्था दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक:** जबलपुर की ओर से आने व जानेवाली यात्री बसें बस स्टेण्ड से किल्लाई नाका, बालाकोट बायपास चौराहा, मारूताल बायपास चौराहा से जबलपुर मार्ग का उपयोग करेंगी। कटनी की ओर से आने व जानेवाली यात्री बसें बस स्टेण्ड से किल्लाई नाका, बालाकोट बायपास चौराहा, मारूताल बायपास चौराहा, धरमपुरा नाका से कटनी मार्ग का उपयोग करेंगी। सागर की ओर से आने व जानेवाली यात्री बसें बस स्टेण्ड से किल्लाई नाका, बालाकोट बायपास चौराहा, पॉवरग्रिड तिराहा से सागर मार्ग का उपयोग करेंगी। हटा, बटियागढ की ओर से आने व जानेवाली यात्री बसें बस स्टेण्ड से किल्लाई नाका, बालाकोट बायपास चौराहा, पॉवरग्रिड तिराहा, न्यू ओवर ब्रिज सागर नाका से बायपास का उपयोग कर अपने गंतव्य को आयेंगी व जाएंगी। कार्यक्रम के दौरान किल्लाई नाका चौराहा से तीन गुल्ली चौराहा, स्टेशन चौराहा, राय तिराहा, घंटाघर, अंबेडकर चौराहा, कीर्ति स्तंभ चौराहा, बेलाताल तिराहा, महाराणा प्रताप चौराहा से हेलीपेड वाला मार्ग अत्यधिक व्यस्त रहने की संभावना है अत: सामान्य आवागमन के लिए इस मार्ग के उपयोग से बचें एवं वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। उन्होंने समस्त नागरिकों से आग्रह किया है कि कार्यक्रम के दौरान यातायात व्यवस्था में सहयोग करें एवं व्यवस्था में लगे पुलिस कर्मियों के निर्देशों का पालन करें। उन्होंने असुविधा के लिए सभी से खेद व्यक्त किया है।

## मेडिकल कॉलेज के लिए 12.14 हेक्टेयर जमीन आवंटित

### 266.71 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिली

**दमोह देशबन्धु।** राज्य शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जारी सैद्धांतिक स्वीकृति पर दमोह में नवीन मेडिकल कॉलेज भवन के निर्माण किये जाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 27 फरवरी 2021 को शिलान्यास किया गया था । मेडिकल कॉलेज निर्माण हेतु खसरा नं.5 रकबा 7.04 हेक्टेयर एवं खसरा नं.6 रकबा 5.10 हेक्टेयर भूमि कुल 12.14 हेक्टेयर जमीन आवंटित की गई है। भवन निर्माण के लिये राशि 266.71 करोड़ रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति हो चुकी है। सिविल कार्य की राशि 195.76 करोड़ एवं विद्युत कार्य की राशि 45.17 करोड़ की तकनीकी स्वीकृति मुख्य अभियंता (भवन) लोक निर्माण विभाग परिक्षेत्र जलबपुर द्वारा जारी की जा चुकी है। निर्माण कार्य हेतु ठेकेदार मेसर्स जे.पी. स्ट्रक्चर्स प्रा.लि. जेपी शेफेयर, राजकोट, गुजरात को एल.ओ.ए. जारी किया जा चुका है। इस आशय की जानकारी कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग देवेन्द्र खरे ने दी । उन्होंने बताया लो.नि.वि. पी.आई.यू. दमोह द्वारा जून 2021 में अतिरिक्त परियोजना संचालक लोक निर्माण विभाग, पीआईयू जबलपुर को प्राक्कलन प्रस्तुत किया गया था। जिसे अतिरिक्त परियोजना संचालक, लोक निर्माण विभाग, पीआईयू जबलपुर द्वारा परियोजना संचालक, लोनिवि. पीआईयू. भोपाल को प्रशासकीय स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया गया था ।

## ग्राम राम तलैया में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**दमोह/हटा देशबन्धु।** संस्कृति संचालनालय मध्यप्रदेश शासन भोपाल के वित्तीय अनुदान वर्ष 2021 ,2022 के तहत स्वयं सेवी संस्था संत नामदेव शिक्षा समिति हटा जिला दमोह द्वारा ग्राम राम तलैया विकासखंड हटा जिला दमोह में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम समारोह का आयोजन किया गया।

जिसमें बुंदेलखंड की महत्वपूर्ण विद्या बुंदेली लोकगीत की तर्ज पर देश भक्ति से ओत-प्रोत लोक गायन कार्यक्रम बुंदेलखंड के उभरते क्षेत्रीय कलाकारों को मंच प्रदान करने के लिए संस्कृति विभाग मध्य प्रदेश शासन ऐसे आयोजन करता है। जिसमें क्षेत्र की सांस्कृतिक कला मंडलियों द्वारा इस कार्यक्रम में भाग लिया गया। जिसमें उभरती कलाकार नीलेश अवस्थी, लखन प्रजापति, प्रेम तन्तुवाय , दीपक नामदेव, राघवेंद्र तन्तुवाय , कमल किशोर सोनी के अलावा ग्राम की महिलाओं ने भी संस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया। संस्था द्वारा सभी उभरते कलाकारों को मेडल, शील्ड, प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद परिषद विकासखंड हटा जिला दमोह की समन्वयक श्रीमती पुष्पा सिंह जी, संत नामदेव शिक्षा समिति हटा जिला दमोह के संचालक सुरेश कुमार नामदेव, मिशन जन जाग्रति युवा मंडल से राजकुमार सेन, बांसा तारखेडा युवा मंडल से जितेंद्र सिंह राजपूत, सुशांत नामदेव , साकिर खान, ग्राम प्रस्फुटन समिति राम तलैया से देवी शाह राजपूत, राहुल सिंह एवं सभी ग्रामीण महिला पुरुषों की उपस्थिति रही।

### तीन मूर्ति स्थल बेलाताल पर तिरंगा यात्रा का हुआ समापन

## दमोह जिला 1842 की क्रांति का स्थान है, जहां से मैंने यात्रा शुरू की: पटेल




**दमोह देशबन्धु।** दमोह जिला 1842 की क्रांति का स्थान हैं, जहां से मैंने यात्रा शुरू की वह फसियाहार है जहां 62 वीरों को फासी पर टांगा गया वह 1842 और 1857 की क्रांति के युद्ध थे, उनके वंशज किस हालत में रहते हैं, यह आज हमारी पीढ़ी को नहीं पता है। हम तिरंगे के इस महत्व को समझाते रहे। इस आशय के विचार केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जल शक्ति राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने तीन मूर्ति स्थल बेलाताल के पास आयोजित तिरंगा यात्रा के समापन अवसर पर व्यक्त किये।

इस अवसर पर म.प्र. वेयर हाउसिंग लॉजिस्टिक एवं कार्पोरेशन अध्यक्ष राहुल सिंह, विधायक जबेरा धर्मेन्द्र सिंह लोधी, विधायक हटा पीएल तंतुवाय, पूर्व विधायक लखन पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल, संजय राय, सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र बजाज, डॉ आलोक गोस्वामी, रूपेश सेन, गोपाल पटैल, भरत यादव मंचासीन थे। केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा मैं सौभाग्य शाली हूँ, साल में एक बार कुछ-न-कुछ कर लेता हूँ। यह भी सच है इससे ज्यादा सघनता से बलिदान की कहानियां कहीं मिल नहीं सकती है। देश के झण्डे को हाथ में लेने के अधिकार को जाने साथ में साथ में उसकी मर्यादा को भी जाने, तो हमारी आने वाली पीढ़ी गलती नहीं कर पायेंगी। इसलिये आज का दिन महत्वपूर्ण दिन हैं। सभी ने अथक परिश्रम किया इस कार्यक्रम को सफल बनाया, लेकिन सफलता सिर्फइसमें नहीं है कि बड़ी मात्रा में लोगों ने इसमे भागीदारी की है, हमारी सफलता यह होनी चाहिए कि आने वाली पीढ़ी अधिकार पूर्वक इस बात को स्वीकार करे। उन्होंने कहा रहली में शहीद-ए-आजम चंद्रशेखर आजाद की माता जी ने जिस परिवार में जिंदगी गुजारी है उस परिवार में जाकर हमने नमन किया, उसके बाद दमोह आये जहां पर सरदार वल्लभ भाई पटेल जी को हमने नमन किया है।

दूसरी यात्रा शहीद यशवंत सिंह चौराहे से निकली इसके बाद हिण्डोरिया जाकर हिण्डोरिया के राज किशोर सिंह को हमने नमन किया जिनका जीवित या मृत शरीर नहीं मिला। दमोह का इतिहास इस बात का साक्षी है।

## जनसुनवाई में 133 आवेदन आए



**दमोह देशबन्धु।** कलेक्टर मयंक अग्रवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा ने जनसुनवाई में शहर एवं दूरस्थ अचंलों से आये आमजन की बाते व समस्याए सुनी। उन्होंने आवेदनों का मौके पर समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मीना मसराम सहित अन्य जिलाधिकारियों ने सहभागिता निभाई। जनसुनवाई में 133 आवेदन आये।

## राष्ट्रीय वेबीनार में कई राज्यों के प्राध्यापकों एवं शोधार्थी ने की सहभागिता

**दमोह/हटा देशबन्धु।** उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार श्री राघवेंद्र सिंह हजारी शासकीय महाविद्यालय हटा मध्य प्रदेश के समाजशास्त्र विभाग एवं आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश द्वारा प्रायोजित इस वेबीनार का शुभारंभ मां सरस्वती के माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना के साथ हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी के ढाका द्वारा स्वागत उद्बोधन देकर समस्त अतिथियों एवं प्रतिभागियों का अभिनंदन किया व कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। प्रथम सत्र के शुभारंभ के साथ ही कार्यक्रम संयोजक डॉ शिवानी राय द्वारा कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा एवं वेबीनार विषय ऋराष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन की चुनौतियां की संकल्पना का प्रतिपादन किया गया । वेबीनार के प्रथम मुख्य वक्ता बनारस हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अरविंद कुमार जोशी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लिए सभी को सार्थक पहल करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने अपने वक्तव्य में भारतीय शिक्षा को ही सभी शिक्षा की उत्पत्ति का कारण बताया । उन्होंने वैदिक काल से लेकर वर्तमान तक की शिक्षा का उदाहरण सहित विस्तृत जानकारी प्रदान की। वहीं दूसरी ओर कार्यक्रम विशेष वक्ता बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी लखनऊ ने अपने वक्तव्य मे राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं का व्यावहारिक पक्ष से सभी को अवगत कराया। द्वितीय तकनीकी सत्र में उत्कृष्ट शोध पत्र का चयन निर्णायक मंडल द्वारा किया गया और वाचन करने का अवसर दिया गया। जिसमें शोधार्थी सुश्री लहरी पाटनिक पीएचडी स्कॉलर जवाहरलाल यूनिवर्सिटी नई दिल्ली ने अपना शोध पत्र पीपीटी के द्वारा प्रजेंटेशन दिया। सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र दिए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से देश के जाने-माने समाजशास्त्री प्रोफ़ेसर महेश शुक्ला रीवा मध्य प्रदेश, डॉक्टर दिनेश चंद खंडेलवाल उज्जैन,डॉ तारामणि श्रीवास्तव छत्तीसगढ़,डॉ सरला दंतेवाड़ा, डॉ अर्चना गोडवारा राजस्थान,डॉ वासुदेव सिंह ग्वालियर, डॉ निशा मोदी इंदौर,डॉ विजय गंभीर ग्वालियर, प्रोफेसर यशपाल व्यास इंदौर,डॉ रचनाश्रीवास्तव इत्यादि ने अपना अमूल्य समय देकर कार्यक्रम को सफल व गौरवान्वित बनाया। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन वेबीनार समन्वयक डॉ शिवानी राय द्वारा किया गया। प्रतिवेदन प्रस्तुतीकरण डॉ राहुल चौधरी द्वारा किया गया। वेबीनार के सफल आयोजन पर कार्यक्रम आयोजक सचिव डॉ विनय कुमार वर्मा द्वारा सभी अतिथियों एवं आयोजन समिति सदस्यों




# सामाजिक जीवन में एकात्म भाव का प्रतिपादन करने निकाली जा रही है स्नेह यात्रा: गिरी

**दमोह देशबन्धु।** पूज्य साध्वी विभानंद गिरी महाराज के नेतृत्व में स्नेह यात्रा का भव्य स्वागत रजपुरा में किया गया। यात्रा रजपुरा, नारायणपुरा, कांटी, कनकतला, विनती होती हुई रात्रि विश्राम हेतु हटा पहुंची। राज्य शासन द्वारा पूज्य साधु संतों के सानिध्य में सामाजिक समरसता का प्रयास, जातिगत व्यवस्था को समाप्त कर सामाजिक जीवन में एकात्म भाव का प्रतिपादन करने। साधु संतों के प्रेरक मार्गदर्शन में सकारात्मक और सार्थक वातावरण निर्माण करने, समाज के समस्त वर्गों को भेदभाव से ऊपर उठकर परिवार भाव के रूप में जोड़ने का प्रयास पूज्य संतो द्वारा किया जा रहा है। पूज्य साध्वी विभानंद गिरी महाराज के नेतृत्व में स्नेह यात्रा का भव्य स्वागत रजपुरा में किया गया। माताएं बहनें कलश लेकर स्वागत को पहुंची। पूज्य साध्वी जी द्वारा अपने प्रवचन में सभी से एकजुट रहने का आह्वान किया। समाज में व्याप्त कुरीतियों एवं असमान व्यवहार के कारण समाज का एक बड़ा वर्ग समाज की मुख्यधारा से अलग होता दिखाई दे रहा है, इन्हीं लोगों से स्नेह मिलन एवं संवाद के लिए का संकल्प लिया गया है. भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण द्वारा सामाजिक समरसता का आदर्श हमारे सामने रखा। महर्षि दयानंद सरस्वती, संत शिरोमणी रविदास, मदनमोहन मालवीय, ज्योतिबाफुले बाबा साहब अम्बेडकर सहित मेरे ब्रह्मलीन पूज्य गुरुदेव प्रज्ञा पीठाधीश्वर स्वामी प्रज्ञानंद गिरी जी महाराज द्वारा भी सामाजिक समरसता का कार्य किया गया है। आइए हम सब अपने ऊंच नीच का भेद भुलाकर एक परिवार भाव से अपने देश को एकता के सूत्र



में बांधे। स्नेह यात्रा में गायत्री शक्तिपीठ परिवार से देवशंकर दीक्षित, महेन्द्र राजू दुबे शेलेन्द नायक, एमवी विलथरे, बालचंद्र पटेल,मध्यप्रदेश योग आयोग के हटा तहसील के अध्यक्ष रामकिशोर दुबे, सुनील सेन साथ ही नवांकुर संस्था से सुरेश नामदेव ,पुष्पेंद्र पांडे परामर्शदाता सुनील सेन , प्रिसदीप खटीक ,गजेंद्र साहू ,नरेंद्र सिंह राजपूत,सामाजिक कार्यकर्ता सोमनाथ विश्वकर्मा सहित प्रस्फुटन समितियों के सदस्य एवम ग्राम वासियों की सहभागिता रही।

## अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस को लेकर जी 20 सम्मेलन का आयोजन किया




**दमोह देशबन्धु।** शासकीय कमला नेहरू महाविद्यालय दमोह में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अंतर्गत जी 20 सम्मेलन का आयोजन महाविद्यालय में छात्रों के द्वारा किया गया। जिसमें विभिन्न छात्राओं ने विभिन्न देश का नेतृत्व किया। इस संदर्भ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर पी एल जैन ने बताया कि इन सम्मेलनों के माध्यम से हम अपने देश की संस्कृति सभ्यता तथा अपने राष्ट्र की विचारधारा को दूसरे देशों को अवगत कराते हैं तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो जनमानस की समस्याएं हैं। उनका समाधान करने का प्रयास करते हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम की प्रभारी प्रीति वर्मा ने आयोजन के प्रयोजन पर प्रकाश डाला तथा एनएसएस प्रभारी भारती चौरसिया ने ळ20 संगठन के महत्व पर प्रकाश डाला इस कार्यक्रम में छात्रा रक्षा निकम ने रसिया राष्ट्र को तथा, नेहा ने इंडोनेशिया को ,श्रद्धा राय ने जापान, रिया जैन ने मैक्सिक, आलिया बानो ने दक्षिण कोरिया, रेशमा अहिरवार ने तुर्की, दुर्गेश विश्वकर्मा ने चीन ,प्रियंका काछी ने फ्रांस ,मेघा पांडे ने आस्ट्रेलिया ,करुणा तिवारी ने अमेरिका ,रागिनी पटेल ने कनाडा ,काजल तिवारी ने साउथ अफ्रीका, चंपा राठौर ने यूके राष्ट्र का नेतृत्व किया तथा कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ राजेश कुमार पौराणिक ने किया।

## फ्री वाई-फाई सेवा दने वाला पहला नगर बना खुरई

# मोबाईल खरीदने छात्र-छात्राओं को आर्थिक मदद भी देंगे: भूपेन्द्र सिंह

**खुरई, देशबन्धु।** मंत्री भूपेंद्र सिंह ने खुरई नगर मे फ्री वाई-फाई सेवा का शुभारंभ किया। सभी नागरिकों, छात्र-छात्राओं को फ्री-वाई सेवा के माध्यम से अनलिमिटेड इंटरनेट उपलब्ध कराने वाला खुरई इस तरह की सेवा देने वाला देश का पहला शहर बन गया है और खुरई पहली नगर पालिका बन गई है। मंत्री श्री सिंह ने इस मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को 10 हजार की कीमत का मोबाइल फोन खरीदने के लिए 5 हजार रुपए देने की घोषणा की। मंत्री श्री सिंह ने खुरई के परसा चौराहे से लेकर रेलवे स्टेशन होते हुए गुरुकुल तक जियो नेटवर्क की सेवा के छह एज वाईफाई राउटर का बटन दबा कर शुभारंभ किया। समारोह के मंच से सबके मोबाइल फेन ओपन कराए और पासवर्ड बताकर वाई फाई सेवा से सबको जोड़ दिया। अभी छह स्कूल भी इस नेटवर्क का हिस्सा हैं। एक सप्ताह तक प्रतिदिन फ्री वाई-फाई सेवा का विस्तार होता रहेगा और एक सप्ताह के भीतर पूरे नगर पालिका का भौगोलिक क्षेत्र इस फ्री इन्टरनेट सेवा से लाभांवित हो जाएगा। मंत्री श्री सिंह ने बताया कि उपलब्ध कराई गई यह इंटरनेट सेवा 5 जी स्तर की हाईस्पीड सेवा होगी। अब अपनी खुरई का कोई गरीब, युवा, विद्यार्थी इंटरनेट के अभाव का सामना नहीं करेगा।




### आचार्य विद्यासागर चौराहे के सौदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण

मंत्री भूपेंद्र सिंह ने सागर खुरई वायपास मार्ग पर आचार्य श्री विद्यासागर के नाम पर 1.12 करोड़ की लागत से निर्मित चौराहे के सौंदर्यीकरण, चौड़ीकरण व डिवाइडर निर्माण कार्य के प्रथम चरण का लोकार्पण किया। 45 लाख की लागत से पूर्ण हुए प्रथम चरण के कार्य के लोकार्पण समारोह को मंत्री भूपेंद्र सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता उद्योगपति विजय जैन वट्टी तथा देशराज यादव ने संबोधित किया। संचालन निर्मल जैन ने किया।



**सागर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के सागर आगमन पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार पचौरी के नेतृत्व में पूर्व विधायक सुनील जैन, अशोक श्रीवास्तव, संदीप सबलोक ने किया फूलमाला पहनाकर स्वागत।

## शारदा खटीक हजारों भाई एवं बहनों के साथ पहुंची सभा में




**सागर, देशबन्धु।** मप्र कांग्रेस की महासचिव, जिला पंचायत सदस्य शारदा खटीक ने 3000 से ऊपर महिला एवं भाइयों को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ की सभा में पहुंची सभा में पहुंचने से पहले शारदा खटीक ने सदर के वार्ड क्र. 1, 2, 3 एवं 4 में रैली निकाली रैली में सभी भाई एवं बहनों कांग्रेस के झंडे एवं शारदा खटीक के नाम की तख्ती लेकर पूरे वार्डों में भ्रमण किया। रैली 12 माहौल से बगीचा वाली काली शास्त्री चौक, शनि मंदिर से होते हुए सभा स्थल पर पहुंची रैली में शारदा खटीक के साथ इंजी. जित्तू खटीक पार्षद, जतिन चौकसे, कल्लू गोविंद पटेल, किशोरी लाल खटीक, अनीता अहिरवार, उषा भाई, अंबाबाई, रेखा अहिरवार, गुड्डी अहिरवार, रीता बंसल आदि हजारों की संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।

### सब्जी उधार न देने की बात विवाद

**बीना, देशबन्धु।** बारधा गांव से रामपुर गांव सब्जी बेचने के लिए गए एक व्यक्ति को उधार में सब्जी न देना उस समय भारी पड़ गया, जब गांव के ही एक व्यक्ति ने सब्जी विक्रेता से लोहे की रॉड से मारपीट कर उसे घायल कर दिया। जानकारी के हरनारायण उर्फ हन्नी पिता बारेलाल साहू 60 निवासी बारधा जो रामपुर गांव सब्जी बेचने के लिए गया था। यहां पर दशरथ अहिरवार ने उससे उधार सब्जी मांगी, जब हरनारायण ने सब्जी देने से मना कर दिया है, तो उसके साथ गाली गलौज कर उसके साथ लोहे की रॉड से मारपीट कर दी। जान से मारने की धमकी भी दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद हरनारायण के परिजन मौके पहुंचे और उसे बीना सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। घटना के बाद पुलिस भी मौके पर अस्पताल पहुंच गई, लेकिन घायल की बोलने की स्थिति न होने की वजह से उसके बयान नहीं हो सके। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को गंभीर हालत में जिला अस्पताल सागर रेफर कर दिया। घायल के भाई हरप्रसाद साहू ने बताया कि उसका भाई गांव-गांव में साइकिल से सब्जी बेचने का काम करता है। रामपुर गांव में सब्जी बेचने के दौरान उधार में सब्जी न देने की बात को लेकर दशरथ अहिरवार ने उसके भाई के साथ लोहे की रॉड से मारपीट कर उसे घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## सागर पहुंचे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का भाजपा ने किया विरोध

### काले झंडे दिखवाने जा रहे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने किया गिरफ्तार




**सागर, देशबन्धु।** सागर पहुंचे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ सहित कांग्रेस नेताओं का भाजपा ने विरोध किया। विगत दिनों कांग्रेसी नेता एवं मप्र प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने भाजपा को वोट देने वाली जनता को राक्षस कहा था वहीं मल्लिकार्जुन खड़गे के पुत्र प्रियंक खड़गे ने हिंदी वासियों का अपमान किया था जिससे आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं कांग्रेस नेताओं का सागर पहुंचने पर विरोध माफी मांगने की मांग की निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सुभाष नगर वार्ड से एकत्र होकर रैली के रूप में हाथों में काले झंडे व पैंपलेट लेकर कांग्रेस नेताओं के विरोध में नारे बाजी करते हुए सभा स्थल की ओर पहुंच रहे थे जिन्हे पुलिस ने गिरफ्तार कर कैंट थाने भेजा, वहीं नरयावली विधानसभा क्षेत्र के सदर मंडल द्वारा विधायक प्रदीप लारिया, सौरभ केशवानी के साथ बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता कांग्रेस नेताओं का विरोध करने सभा स्थल की ओर बड़ रहे थे जिन्हे शिवजी चौक पर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। प्रदर्शन के उपरांत भाजपा जिला महामंत्री अमित कछवाहा एवं मंडल अध्यक्ष सौरभ केशरवानी ने उपस्थित जनप्रतिनिधि पदाधिकारी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। प्रदर्शन में धर्मेंद्र खटीक, रामू ठेकेदार, ऑफिसर यादव, राघवेंद्र सिंह, श्रीकांत जैन, आलोक केशरवानी, हरिओम केशरवानी, अरविंद तोमर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**सागर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के सागर आगमन पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना चौबे, अशोक श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस इंजी. राहुल चौबे द्वारा 10 फिट की पुष्पमाला से स्वागत किया। जिसमें मुख्य रूप से सागर साहू, जीतेन्द्र चौधरी, धीरज, जैद खान, चक्रेश जैन, आनंद, शुभम सोनी सम्मिलित हुए।

## दो पक्षों में चले डंडे-लोहे की रॉड

**खुरई, देशबन्धु।** सतनाई गांव में गाली गलौज करने से मना करने की बात को लेकर दो पक्षों में डंडे और लोहे की रॉड से जमकर मारपीट हुई। इस विवाद में दोनों पक्षों के आठ लोगों को चोट आई हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों के 9 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। खुरई शहरी थाना क्षेत्र के सतनाई गांव में गाली गलौज को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। पहले पक्ष से भोजराज पिता श्रीराम चढ़ार 22 निवासी सतनाई ने बताया कि वह अपनी बाइक से शिवम चढ़ार, संदीप चढ़ार के साथ खुरई से अपने गांव सतनाई आ रहे थे कि गांव के राम मंदिर की गली में पहुंचे तो आरोपी उदयभान कुर्मी, केरसिंह कुर्मी, लखन उर्फ लक्खू कुर्मी, मिलन कुर्मी ने रास्ता रोककर गाली गलौज करना शुरू कर दिया। आरोपियों ने बाइक पर पत्थर मार मारकर क्षतिग्रस्त कर दी। आरोपियों ने डंडे और लोहे की रॉड से मारपीट कर तीनों को घायल कर दिया। आरोपियों ने गली से दोबारा निकलने पर हाथ पैर तोड़ देने की धमकी भी दी। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं सहित एससी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है, तो वहीं दूसरे पक्ष के उदयभान पिता चुन्नीलाल कुर्मी 28 निवासी सतनाई ने बताया कि वह अपने घर के बाहर खड़ा था तभी आरोपी भोजराज चढ़ार, शिवम चढ़ार, सौरभ चढ़ार शराब के नशे में आए और अजय कुर्मी, केरसिंह कुर्मी के साथ डंडे और लोहे की रॉड से मारपीट की। बीच बचाव करने आए केरसिंह कुर्मी के माता पिता के साथ भी आरोपियों ने मारपीट कर दी। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने भोजराज चढ़ार, शिवम चढ़ार, सौरभ चढ़ार, सत्यम चढ़ार, रोशन खत्री के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

### जिले के 256 मेधावी विद्यार्थियों को मिलेगी स्कूटी

**सागर, देशबन्धु।** जिले के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में 256 मेधावी छात्र-छात्राओं को आज दोपहर 11 बजे पीटीसी मैदान पर स्कूटी प्रदान की जाएगी। कलेक्टर दीपक आर्य ने बताया कि कक्षा 12 वीं में अपने-अपने विद्यालयों में सर्वाधिक अंक लाने वाले मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी प्रदान करने के निर्देश प्राप्त हुए थे। संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात जिले के 256 छात्र-छात्राओं जिनमें 133 छात्राएं एवं 123 छात्र सम्मिलित हैं, इन्हें जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आज आयोजित कार्यक्रम में स्कूटी प्रदान की जाएगी। प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन ने बताया कि 256 मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी वितरण कार्यक्रम में कलेक्टर के निर्देश पर जिले के समस्त विकासखंडों मेधावी छात्र-छात्राओं का चिन्हांकन किया गया, जिसमें सर्वाधिक नरयावली विकासखंड के 43 विद्यार्थी है। इनमें जिसमें 22 छात्राएं एवं 21 छात्र शामिल हैं। इन्हें स्कूटी प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार सागर के 14, खुरई के 41, रहली के 40, सुरखी के 23, बीना के 30, बंडा के 40, देवरी के 25 छात्राओं को स्कूटी प्रदान की जाएगी।




स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।